
वर्ष-3, अंक-49
इन्दौर बुधवार 14 मई 2025 पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।
चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## आपने पराक्रम से इतिहास रच दिया, आदमपुर एयरबेस से बोले पीएम मोदी, जवानों को किया सलाम

**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब के आदमपुर एयरबेस का दौरा किया और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को संबोधित करते हुए कहा, आपने अपने पराक्रम से इतिहास रच दिया है, जिससे करोड़ों भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।





प्रधानमंत्री मोदी ने वायुसेना, नौसेना, थलसेना और सीमा सुरक्षा बल के जांबाजों को सैल्यूट करते हुए कहा कि जब हमारे वीरों के पैर धरती पर पड़ते हैं, तो वह धरती धन्य हो जाती है। उन्होंने कहा, कि जब हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमारी सेना ने आतंकियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचला है।

पीएम मोदी ने एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की। इस दौरान जवानों द्वारा वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। पीएम मोदी ने इस अवसर की तस्वीरें भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं और लिखा, साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक इन वीर योद्धाओं के साथ रहना एक विशेष अनुभव रहा। भारत अपने सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना, थलसेना और नौसेना ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक प्रहार किया है। भारत की तीनों सेनाओं ने पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। सूत्रों के अनुसार, इस ऑपरेशन में आतंक के 9 से अधिक ठिकानों को पूरी तरह खत्म किया गया।

### आदमपुर एयरबेस पूरी तरह सक्रिय

प्रधानमंत्री का जालंधर स्थित आदमपुर एयरबेस पर उतरना इस बात का सीधा संकेत है कि यह एयरबेस पूरी तरह ऑपरेशनल है और पाकिस्तानी दावे निराधार हैं। यह बेस मिग-29 लड़ाकू विमानों का प्रमुख केंद्र है और पाकिस्तान सीमा के निकट स्थित होने के कारण इसकी सामरिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी के साथ वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी मौजूद रहे।

### राजनीतिक और रणनीतिक संदेश

इस दौरे के ज़रिए प्रधानमंत्री ने न केवल भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

## शोपियां में 3 आतंकी ढेर

### पहलगाम हमले के बाद भारत पर 15 लाख साइबर अटैक

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। मुठभेड़ अभी भी जारी है। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया है। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।



महाराष्ट्र साइबर सेल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी और बांग्लादेशी हैकरों ने भारत में 15 लाख साइबर अटैक किए। इनमें से सिर्फ 150 ही कामयाब रहे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस को निशाना बनाया है।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में सोमवार रात ड्रोन दिखे थे। कुछ देर बाद सेना ने कहा कि दुश्मन के किसी ड्रोन की सूचना नहीं है। आज सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और BSF के 2 जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

### सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस वर्ष कुल 88.39 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। इस साल कक्षा 12वीं की परीक्षा में 16,92,794 छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 14,96,307 छात्र सफल घोषित किए गए हैं। छात्र अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट्स, सीबीएसईरिजल्ट्स डॉट निक डॉट इन, रिजल्ट्स डॉट सीबीएसई डॉट निक डॉट इन और सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर देख सकते हैं।

## 30 मिनट में कहीं भी हमला कर सकता है चीन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने एक ऐसा चौंकाने वाला दावा किया है, जो वैश्विक सुरक्षा संतुलन को प्रभावित कर सकता है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी रॉकेट फोर्स के रिसर्चर्स ने एकेडमिक जर्नल में दावा किया है कि उन्होंने ऐसी हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक विकसित कर ली है, जो केवल 30 मिनट में धरती पर किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है। चीन का कहना है कि ये मिसाइलें अंतरिक्ष से भी लॉन्च की जा सकती हैं और इनमें री-एंट्री ग्लाइड व्हीकल्स लगे होते हैं, जो उन्हें तीव्र और अप्रत्याशित युद्धाभ्यास में सक्षम बनाते हैं। शोध में यह भी उल्लेख किया गया है कि अंतरिक्ष आधारित यह प्रणाली मौजूदा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों से कहीं आगे है। हालांकि फिलहाल इसमें इन्फ्रारेड डिटेक्शन और गतिशीलता जैसी कुछ तकनीकी सीमाएं हैं, जिन पर कार्य जारी है। इस शोध में बताया गया है कि यह नई हाइपरसोनिक मिसाइल 20 मैक यानी करीब 13,000 मील प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकती है। इतनी तेज गति से यह मिसाइल



दुश्मन की सीमा में घुसने से पहले ही हमला कर सकती है, जिससे पारंपरिक रक्षा प्रणालियां निष्क्रिय साबित हो सकती हैं। चीन का कहना है कि इन हथियारों को उपग्रहों, भूमि या अन्य प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है, जिससे यह प्रणाली सैन्य दृष्टि से अधिक लचीली और उपयोगी बन जाती है। उधर, अमेरिका और ब्रिटेन भी इस क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। दोनों देशों ने मिलकर अब तक 233 हाइपरसोनिक प्रोपल्शन टेस्ट पूरे कर लिए हैं। ब्रिटेन अपने टीम हाइपरसोनिक्स कार्यक्रम के तहत 2030 तक एक ज्वाइंट हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल डेमोंस्ट्रेटर बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

## अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 मजदूरों की मौत



**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब में अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 मजदूरों की मौत हो गई जबकि 6 की हालात गंभीर है। जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। अमृतसर जिले के गांवों भुल्लर, टांगरा और संधा में कई लोगों ने यह शराब पी थी। इसके बाद उनकी तबीयत खराब हुई। शराब पीने के बाद कई लोगों को उल्टियां होने लगीं। इसके बाद सभी को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक प्रशासन ने 14 लोगों के मौत की पुष्टि कर दी है। प्रशासन को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया है। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी से पूछताछ जारी है।

मजीठा क्षेत्र के विधायक और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई। बता दें कि ग्रामीणों का कहना है कि यहां नकली शराब लंबे समय से बिक रही है, ग्रामीणों ने कई बार मौखिक रुप से शिकायत भी की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### यूक्रेन हमले में छह रूस के नागरिकों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए।

### विस्फोटक सामग्री के विस्फोट में दो बच्चों की मौत

**काबुल (एजेंसी)।** पश्चिमी अफगानिस्तान के बदगीस प्रांत के कादिस जिले में पिछले युद्धों में बचे हुए विस्फोटक उपकरण में सोमवार देर रात विस्फोट होने से दो बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**रामल्लाह, (एजेंसी)।** फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने सोमवार को अल जज़ीरा टीवी पर लगाए गए महीनों पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है।

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर यह क्या बोल गए भाजपा के मंत्री

## तुम्हारी बहन से ही...

**महू (निप्र)।** ऑपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम की तस्वीर देश और दुनिया के सामने पेश करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर भाजपा के एक मंत्री ने विवादित बयान दे डाला है। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने सोफिया कुरैशी को पाकिस्तानियों और आतंकवादियों की बहन बता डाला।

मंच पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और विधायक उषा ठाकुर भी मौजूद थीं। महू के मानपुर की पंचायत में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह पाकिस्तान पर खूब बरसे। पड़ोसी मुल्क पर जुबानी हमले करके वह खूब तालियां बटोर रहे थे। पाकिस्तान पर एक से एक पंच मारते हुए मंत्री जी कब सीमा लांघ गए शायद वह भी समझ नहीं पाए। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर से चर्चा में आई सोफिया कुरैशी को कई बार 'पाकिस्तानियों और आतंकवादियों की बहन' बता डाला। मंत्री ने सोफिया कुरैशी का नाम लिए बिना कहा, जिन्होंने (पाकिस्तानी आतंकियों) हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे उन कटे-पिटे लोगों को हमने उनकी बहन भेजकर ही उनकी ऐसी तैसी कराई। उन्होंने कपड़े उतार-उतारकर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी-तैसी करने उनके घर भेजा। मोदी जी उनके कपड़े तो उतार नहीं सकते थे, इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को बिधवा किया है, तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी।





### वॉट्सऐप पर नकली नोट बेचने का सौदा

## इंदौर पुलिस ग्राहक बनकर पहुंची, दो युवकों को 40 लाख की नकली करेंसी के साथ पकड़ा

**इन्दौर (नप्र)।** इंदौर के पलासिया इलाके में वॉट्सऐप के जरिए नकली नोट बेचने का सौदा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने सादी वर्दी में पकड़ लिया। आरोपियों के पास से करीब 40 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं, जिन्हें उन्होंने असली नोटों की गड्डियों में ऊपर-नीचे छिपा रखा था। पुलिस को शक है कि यह एक बड़े गिरोह से जुड़ा मामला हो सकता है। डीसीपी हंसराज सिंह जैन की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ युवक वॉट्सऐप के माध्यम से नकली नोटों का सौदा कर रहे हैं। इस पर एक विशेष टीम बनाई गई और पुलिस ने खुद को ग्राहक बनाकर वॉट्सऐप पर ही इनसे संपर्क किया। बातचीत के बाद सौदा तय हुआ और दोनों युवकों को पलासिया इलाके में बुलाया गया। सौदे के मुताबिक, महाराष्ट्र के जलगांव निवासी प्रथमेश येवलेकर और बड़वाह के दीपक कौशल तय समय पर इलाके में पहुंचे। वे एक बैग में नकली नोट लेकर आए थे। पुलिस पहले से ही सादी वर्दी में मौके पर मौजूद थी। जैसे ही दोनों युवक पहुंचे, टीम ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी में उनके बैग से करीब 20 गड्डियों में छिपे नकली नोट मिले। आरोपी असली नोटों को ऊपर और नीचे रखकर नकली नोटों को बीच में छिपाकर लाए थे, ताकि पहली नजर में नोट असली लगें। पुलिस को नकली के साथ कुछ असली नोट भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि नकली नोट इतने साफ प्रिंट में थे कि आम आदमी के लिए पहचानना मुश्किल होता। अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी ये नकली नोट किससे लेकर आए और इनके पीछे कौन लोग हैं। फिलहाल दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस यह मान रही है कि इस रैकेट में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।



### 1 लाख के बदले 4 लाख देने की हुई थी बात

पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर जब दोनों से चैटिंग की गई तो उन्होंने 1 लाख के असली नोट के बदले 4 लाख देने की बात कही थी। जिसमें पुलिसकर्मियों ने सौदा पक्का कर लिया। शुरुआत में 4 लाख रुपए लेकर बुलाया। दोनों आरोपियों के पकड़ाने के बाद पुलिस उनके बताए ठिकाने पर पहुंची। यहां से पुलिस ने कुल 40 लाख के नकली नोट बरामद किए हैं।

### फेसबुक, वाट्सएप पर विज्ञापन

पुलिस अफसरो के मुताबिक आरोपियों ने फेसबुक और वाट्सएप पर इसका विज्ञापन करते थे। जिसमें फोन लगाने पर वह अपने ठिकाने बदल बदल कर नोट लेने वाले को मिलने बुलाते। बाद में भरोसा होने पर डिलेवरी करते थे। प्रथमेश इस तरह के काम कर चुका है। दीपक को उसी ने तैयार किया था। अभी पुलिस आरोपियों से ओर वारदातो को लेकर पूछताछ कर रही है।

### चिल्ड्रन बैक के है नोट

एडीशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि प्रथमेश और दीपक से जो नोट मिले है। वह बच्चो के खेलने के काम आते है। सब चिल्ड्रन बैक के नोट है। उसके उपर और नीचे व बीच में आरोपी असली नोट लगा देते थे। इसके बाद वह नोट सौपते समय एक गड्?डी जो चिन्हीत की हुई रहती थी। उसे दिखा देते थे। इसके बाद क्राइम ब्रांच या पुलिस का डर दिखाकर नोट लेने वाले को तुरंत नोट वहां से लेकर रवाना कर देते थे। नोट लेने वाले को बाद में पता चलता था कि उनके साथ ठगी हुई है।

CMYK

## सुविचार



पद और पैसा तय नहीं करते कि आप श्रेष्ठ हैं, बल्कि आपके विचार और व्यवहार तय करते हैं कि आप कितने श्रेष्ठ हैं।

**निर्मल कुमार दे**
**जमशेदपुर**

# संपादकीय

## आतंक के खिलाफ निर्णायक जंग की ओर भारत

पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात के बाद पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया । अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मार गिराए। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पहलगाम हमले के बाद जिस तरह दुनिया के अनेक देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं, उससे निश्चय ही पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध को बल मिला है। सब जानते हैं कि पाकिस्तान सदा से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पोसता और एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह दुनिया में सबसे ऊपर के देशों में शुमार है। इसलिए चीन को छोड़ कर शायद ही किसी का पाकिस्तान को खुला समर्थन है। पहलगाम की घटना के बाद देश में जनाक्रोश है। पर सरकार अभी रणनीतिक रूप से संयम बरत रही है, तो उसकी वजहें साफ हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई समस्या का समाधान नहीं है। मगर रूस, जापान, अमेरिका आदि ने आतंकवाद से निपटने में भारत का समर्थन किया है। फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पहलगाम हमले के बाद से ही वह लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। वह संघर्ष विराम का उल्लंघन कर एक तरह से भारत को उकसा रहा है। मगर भारत अभी सही समय के इंतजार में है। यह तो साफ है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई काफी नहीं है। उसके खिलाफ लंबे वक्त की रणनीति बना कर हमले करने होंगे। इसलिए सरकार ने पहले उस पर आर्थिक आघात करने का निर्णय किया। उसमें सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया गया, पाकिस्तान से किसी भी प्रकार का आयात-निर्यात रोक दिया गया। माली बदहाली के बुरे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान पर ये दो बड़े हमले हैं। उसके बाद सेनाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी गई है। अब कई राज्यों में हवाई हमलों के वक्त नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा के अभ्यास कराए गए हैं। जाहिर है, जमीनी जंग की तैयारियां भी चल रही हैं। हालांकि कुछ लोग अब भी दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि पाकिस्तान पर हमले में देर नहीं होनी चाहिए। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि तात्कालिक प्रतिक्रिया में की गई कार्रवाइयों का कोई उल्लेखनीय और स्थायी प्रभाव नहीं पड़ा है। पुलवामा और उड़ी हमले के बाद सेना ने पाकिस्तान सीमा में घुस कर लक्षित हमले किए थे, पर हकीकत यही है कि वहां आतंकी प्रशिक्षण शिविर बंद नहीं हुए हैं। ऐसे में, अगर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध के लिए ठंडे दिमाग से रणनीति बनाई जा रही है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि उसका उल्लेखनीय नतीजा निकल सकता है। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण देती रही हैं। जाहिर है, इन दोनों को सबक सिखाए बगैर इस समस्या पर काबू पाने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। मगर इसके लिए सैन्य कार्रवाई के समांतर ही वहां की सियासी हुकूमत पर नकेल कसना भी जरूरी है। हालांकि पाकिस्तान एक तरह से दुनिया से अलग-थलग पड़ चुका है और चीन की इमदाद पर उसका गुजारा चल पा रहा है। बाहरी रकम का बड़ा हिस्सा सेना के हिस्से चला जाता है। ऐसे में उसे बाहर से मिलने वाली इमदाद और उसकी अंदरूनी कमजोरियों पर भी हमला करना जरूरी माना जाता है। भारत उसे उन सभी मोर्चों पर घेरने और कमजोर करने में जुटा है। इस रणनीतिक घेरेबंदी से बेहतर नतीजों की उम्मीद है।

## कहानी

# छाँव की तलाश



झुलसती दोपहरी थी। जून का महीना। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक बूढ़ा आदमी धूप से बचने के लिए दीवार की आड़ में बैठा था। सिर पर पुरानी मैली टोपी, आँखों पर धूप से चुराई गई वीरानी, और गोद में एक फटा सा थैला। थैले में क्या था, कोई नहीं जानता था, पर उसकी आँखों में जो खालीपन था, वो शायद सब कुछ कह जाता था। उसका नाम रामकिशोर था – कभी सरकारी स्कूल में गणित पढ़ाया करता था। पूरा जीवन ईमानदारी से बिता दिया। कभी किसी से रिश्वत नहीं ली, कभी स्कूल की कापियों के बिल में भी झूठ नहीं बोला। पत्नी सीता और एक बेटा अजय। दोनों को ही सिर से लगाकर रखा। सीता अब इस दुनिया में नहीं थी, और अजय अब शायद किसी और दुनिया में था।

कहाँ जाना है बाबा? एक चायवाले लड़के ने पूछ लिया। जहाँ छाँव मिले, बेटा, बूढ़े ने मुस्कराते हुए कहा। छाँव? ये तो पूरा प्लेटफार्म धूप से जल रहा है बाबा, लड़के ने हँसते हुए कहा। रामकिशोर भी मुस्करा दिया, पर उस मुस्कराहट में एक थकान थी – वर्षों की थकान। कुछ दिन पहले की बात थी – बेटा अजय, जो अब मुंबई में एक बड़ी कंपनी में मैनेजर था, उसे खुद लेने गाँव आया था। पहली बार ऐसा हुआ था। बाबा बहुत खुश हुए। सफ़ेद कुरता पहन लिया, पुराने बक्से में रखे शादी के एल्बम दिखाए, और सीता की तस्वीर को देखते हुए बोले – देखो सीता, हमारा बेटा बड़ा आदमी बन गया है, अब हमें भी शहर की ज़िंदगी देखने मिलेगी। अजय ने बाबा को मुंबई ले तो आया, लेकिन वहाँ आते ही कहानी बदल गई। बाबा, आप ज़रा धीरे चलिए, सोसाइटी के लोग देखेंगे तो क्या कहेंगेज बाबा, टीवी की आवाज़ कम करो, मेरी मीटिंग चल रही हैज बाबा, मेहमानों के सामने पुराने जमाने की बातें मत किया करोज धीरे-धीरे बाबा एक कमरे तक सीमित कर दिए गए। बेटे के पास समय नहीं था, बहू के पास सहनशीलता नहीं थी, और पोते के पास याद नहीं था कि कोई दादा भी रहते हैं। एक दिन पोते ने पूछा, पापा, ये बाबा कब जाएंगे? उस दिन रामकिशोर की आँखों से जो दो बूँदें गिरीं, वो शायद अंतिम थीं। उन्होंने अगले दिन सुबह उठकर अपनी पुरानी पोटली बाँधी, और बेटे के ऑफिस जाने से पहले निकल पड़े। बस एक चिट्ठी छोड़ दी- बेटा अजय, मैंने तुझे जीवन भर सिखाया कि कैसे जोड़ते हैं नंबर, लेकिन ये भूल गया कि दिल कैसे जोड़ते हैं। तेरे पास सब कुछ है – पैसा, इज़्ज़त, रुतबा – बस एक चीज़ नहीं है, वो है समय। मैंने तुझे बड़ा किया, ये सोचकर कि तू मेरा सहारा बनेगा, पर अब समझ आया कि जीवन की सबसे बड़ी भूल यह थी कि उम्मीद अपने ही बच्चों से की।

मैं जा रहा हूँ, किसी ऐसी जगह, जहाँ कोई सवाल नहीं पूछता, जहाँ कोई चाय पिलाने से पहले घड़ी नहीं देखता, और जहाँ छाँव बिना बताई मिल जाती है। तेरा – बाबा और आज वो रामकिशोर इस प्लेटफॉर्म पर बैठे थे। सुबह से कई ट्रेनें आई और चली गईं, पर बाबा नहीं गए। वो नहीं जा रहे थे किसी शहर, गाँव या तीर्थ को – वो ढूंढ रहे थे एक छाँव, एक अपनापन, जो अब शायद कहीं नहीं बचा था। तभी एक आवाज़ आई – बाबा, भूख लगी है? रामकिशोर ने देखा, एक छोटी सी बच्ची, कंधे पर फटी झोली, आँखों में चमक और पैरों में चप्पल नहीं थी। तुझे भूख लगी है? रामकिशोर ने पूछा। हाँ बाबा, पर मेरे पास पैसे नहीं हैं। रामकिशोर ने थैले में से एक पुरानी पोटली निकाली, जिसमें कुछ सूखे पराठे थे। बच्ची ने खुशी-खुशी खा लिए। तू कहाँ रहती है? बाबा ने पूछा। वहीं रेलवे के पीछे झुग्गी में। मम्मी सुबह से आई नहीं, शायद किसी ट्रेन में सफाई करने गई हैं।

रामकिशोर की आँखें भर आईं। तुझे स्कूल नहीं जाना चाहिए? जाना चाहिए, पर कौन ले जाएगा बाबा? बच्ची ने मासूमियत से कहा। उस दिन पहली बार रामकिशोर को लगा कि वो फिर से ज़रूरी हैं, किसी के लिए उपयोगी हैं। अगले कुछ दिनों में रामकिशोर उसी प्लेटफार्म पर बच्चों को पढ़ाने लगे – स्टेशन के बच्चों को, झुग्गी के बच्चों को, उन बच्चों को जिनके पास स्कूल की फीस तो दूर, नाम तक नहीं था। उन्होंने वहाँ एक चबूतरा बना लिया, जिसे सब बाबा की छाँव कहने लगे। सुबह की चाय के साथ गिनती सिखाते, दोपहर में कहानियाँ सुनाते, और शाम को जीवन का गणित समझाते। कभी-कभी कोई यात्री रुककर देखता, कोई चायवाला एक कप मुफ्त दे जाता, और कभी स्टेशन मास्टर भी मुस्कराकर कह देता – बाबा, आपकी क्लास सबसे सुंदर चल रही है। बेटे को भी एक दिन किसी अखबार में एक कॉलम दिखा – प्लेटफॉर्म पर खड़ा एक शिक्षक, जो भविष्य बना रहा है।

अजय को पहचानते देर नहीं लगी – वो बाबा ही थे। कुछ दिन बाद वो स्टेशन पर पहुँचा, बाबा को ढूंढा, और लिपटकर रो पड़ा – बाबा, घर चलिए, मैं गलत था। रामकिशोर मुस्कराए, और बोले – अब मेरा घर यही है बेटा, जहाँ हर दिन कोई मासूम आँखें मुझे देखकर कहती हैं – बाबा, आज भी पढ़ाओगे ना?

**डॉ. सिद्धार्थ कुमार जौहरी,**

# अधूरी ममता की पूरी तस्वीर

## कहानी



बरसों से सुमन के दिल में एक अधूरी ख्वाहिश पल रही थी – काश, मेरी भी एक बेटी होतीज शायद इसीलिए, दो प्यारे बेटों सनी और क्रिष की माँ होते हुए भी, उसके दिल में एक टीस बनी रही – एक बेटी की आस, जो कभी पूरी नहीं हुई। उसे लगता था कि उसके दिल के कोने में एक खालीपन था जिसे सिर्फ एक बेटी ही भर सकती थी। सुमन खुद अपनी माँ के बेहद करीब थी। हर छोटी-बड़ी बात वह अपनी माँ से कह पाती थी, खुलकर सब बातें बताती थी घर की, ऑफिस की, सहेलियों की और अड़ोस पड़ोस की । उसे लगता था, माँ-बेटी का रिश्ता कुछ खास होता है – एक ऐसा रिश्ता, जहाँ शब्दों की ज़रूरत नहीं होती, दिल की बात आँखों से समझी जाती है।

और शायद इसी वजह से वह समझ बैठी थी कि माँ अपना मन बेटियों से तो कह सकती है, पर बेटों से नहीं दिन बीते, साल गुजरे और आज उसके दोनों बेटे युवा हो गए । दोनों बेटों को भी लगता था , माँ कहीं ना कहीं उनमे एक बेटी ढूँढती है । हर कुछ दिन में घर में कोई ना कोई बात ऐसी ज़रूर निकलती – अगर बेटी होती तो ये होता, वो ऐसा करतीज – जैसी बाते सुमन की बातचीत का हिस्सा बनी रहती ।

साल दर साल बीते, समय की रफ्तार तो बढ़ती रही, पर सुमन की सोच वहीं ठहरी रही। दोनों बेटे समय के साथ ज़्यादा समझदार और जबाबदार हो गए । दोनों उसका बहुत ध्यान रखते । जो काम सुमन ने हमेशा एक बेटी के हिस्से सोचे थे, अब वही काम उसके बेटे पूरे मन से निभाने लगे थे। रसोई से लेकर पूजा की थाली तक, सबमें उनका साथ था – खाना बनाना हो, सफाई करनी हो । यहाँ तक की तीज त्योहारों पर मिठाई, रंगोली से लेकर उसके हाथों में मेहंदी बनाने में भी सुमन की मदद करते। अब सुमन अकेली नहीं थी। बेटों की ममता भरी भागीदारी ने उसे एहसास कराया कि रिश्तों की गहराई सिर्फ नामों से नहीं, भावों से बनती है। सुमन को एहसास होने लगा कि वह गलत थी। इन सालों में उसके बेटों ने न सिर्फ बेटे, बल्कि उसके सच्चे दोस्त की भूमिका निभाई है। अब उसे ये भी समझ में आने लगा कि उसकी बार-बार दोहराई गई वो कसक – काश, मेरी भी एक बेटी होती – अनजाने में उसके बेटों को कहीं न कहीं ठेस पहुँचा गई होगी।

एक शाम, जब वह चुपचाप बैठी अपने पुराने एल्बम पलट रही थी, उसका बड़ा बेटा सनी उसके पास आकर बोला, मम्मी, आपको हमेशा एक बेटी की कमी खलती है ना ? आप एक बेटी को गोद क्यों नहीं ले लेती? ये सुनकर सुमन की आँखें भर आईं। उसने बेटे का हाथ थामा और कांपती आवाज़ में कहा, नहीं बेटा, मैं अब समझ पाई हूँ कि बेटी की चाह में मैंने क्या-क्या अनमोल पाया हुआ अनदेखा कर दिया। तुम दोनों तो मेरी वो दौलत हो, जिनमें मुझे अब अपनी बेटी भी दिखाई देती हैज मेरी ताकत, मेरी सहेली, मेरी पूरी दुनिया। उस पल सनी ने सुमन को गले लगा लिया, और सुमन की आँखों से बहते आँसू इस बार सिर्फ पश्चाताप के नहीं थे – उसमें राहत थी, स्वीकार था, और एक नई शुरुआत का सुख भी।

कभी-कभी हम ज़िंदगी में जिस चीज़ की तलाश करते हैं, वो हमारे पास होती है – बस हम उसे पहचान नहीं पाते। सुमन ने भी जब अपनी इच्छाओं के शोर से थोड़ा हटकर उस प्यार को महसूस किया, तो उसे एहसास हुआ कि ममता और अपनापन किसी एक रिश्ते तक सीमित नहीं होते। बेटे भी वही कर सकते हैं जो बेटियाँ करती हैं – बस ज़रूरत होती है खुलकर देखने और दिल से स्वीकार करने की। असल में बेटा-बेटी में फर्क तो है ही नहीं, फर्क बस हमारे सोचने के तरीके में है।

**रत्ना अजय यादव पुणे**

## अब वो सुकून नहीं...

गांव की वो कच्ची गलियाँ, मिट्टी की सौंधी महक, सुबह मुर्गे की बाँग, गायों का रंभाना और चौपाल पर बैठे बड़े बजुर्गों की हँसी - ये सब जीवन का हिस्सा था राहुल का, जिसे वो सुकून कहता था। राहुल का परिवार छोटे से गाँव में रहता था। बड़ा सा आँगन, नीम का पेड़, पास ही खेत थे। सांझ होते ही चूल्हे की रोटियों में घुलती माँ की ममता। पिताजी खेत से लौटते तो सारा परिवार साथ बैठ भोजन करता। गांव में प्रेम था, सम्मान था, और सबसे ज़्यादा था - अपनापन। पर सपनों ने पंख फैलाए। राहुल की पढ़ाई पूरी होते ही, दोस्तों के साथ ने, शहर की चमक ने उसे खींच लिया। शहर में बड़ा आदमी बनूंगा, वो बोला और माँ-बाप ने आँसू रोक कर विदा किया। शहर आया, भीड़ में खो गया। बड़ी-बड़ी इमारतें, तेज़ भागती ज़िंदगी, कहीं समय नहीं था किसी के पास। हर मुस्कान के पीछे एक स्वार्थ छिपा था, हर रिश्ता किसी न किसी मकसद से जुड़ा था। पढ़ाई पूरी होते ही राहुल वहीं पर अच्छी कंपनी में नौकरी करने लगा। राहुल की जिंदगी मशीन सी बन गई। पैसे आए, शोहरत आई, पर दिल में खालीपन भी साथ आया। बचपन के



दोस्त जो उसे शहर ले गए। अब कॉल पर भी नहीं मिलते, यहाँ तो पड़ोसी का नाम तक नहीं पता। एक दिन ऑफिस से थक कर लौटते हुए राहुल की नज़र एक वृद्ध पर पड़ी जो सड़क किनारे बैठे थे। चेहरा कुछ-कुछ पिताजी जैसा। दिल भीग गया। वो समझ गया - शहर ने उसे सब कुछ दिया, सिवाय उस सुकून के। अगले ही दिन वो गाँव लौट आया। घर वही था, पेड़ वही थे, पर अब माँ नहीं थीज पिताजी भी नहीं। वो आँगन अब खामोश था। राहुल देर से समझा - शहर ने उसे बहुत कुछ दिया, पर जो सबसे ज़रूरी था, वो वहीं गांव में छूट गया था। आज राहुल शहर जाने वाले हर व्यक्ति को यही समझाता - जहाँ प्रेम, सम्मान और अपनापन ना हो, वहाँ की रौनक भी अधूरी होती है। सपनों के पीछे भागो, लेकिन अपनी जड़ों को मत भूलोज क्योंकि असली सुकून वहीं होता है जहाँ दिल को अपनापन मिले।

**वीणा वैष्णव रागिनी**
**राजस्थान**

# चूहों की लापरवाही और शराब




दुनिया में जहाँ बहुत सारे सुख हैं। वहाँ गैर जिम्मेदार होने का सुख भी बहुत अनुपम सुखों में से एक है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ, कि इस सुख का मजा कोई जिम्मेदार व्यक्ति कभी नहीं ले सकता। जितना सुख गैरजिम्मेदार व्यक्ति लेता है। ऐसे लोग हमारे देश में बहुत तादाद में मिल जायेंगें। जो आसानी से चीजों को गुमा देते हैं। गुम जाना जैसे कोई छोटी बात हो। या कोई बहुत ही सामान्य घटना हो उनके लिये। गृहणियाँ गुमाने में बहुत होशियार होती हैं। ऐसी ही एक गृहणी बड़े भाई की माताजी भी हैं। जो चीजों को बहुत जल्दी गुमा देतीं हैं। और बड़े भईया के पिताजी चीखते - चिल्लाते रहते हैं, कि तुम्हारा रखा हुआ सामान भगवान् को भी नहीं मिलेगा। मैं कभी-कभी सोचता हूँ, कि जब भगवान् ने दुनिया बनाई है। और उसी दुनिया में बड़े भाई साहब के माँ को भी बनाया है। तो भगवान् को कैसे पता नहीं होगा, कि अमुक चीज कहाँ रखी हुई है। बहरहाल , बड़े भईया के पिताजी भी कम नहीं है। एक बार बस से कहीं जा रहे थे। तो अपना बैग गुमा दिया। गैर जिम्मेदार लोगों की पहचान।

नंबर -1 चीजों को जहाँ से उठायेंगे. वहाँ नहीं रखेंगे।

2.आपसे लिया सामान लेकर भूल जायेंगे।

3. उनका जूता कहीं और मिलेगा और उनकी जुराबे कहीं और।

4.आपको समय देकर भूल जायेंगे।

ये अपनी गैरजिम्मेदारी को अपनी भूलने वाली खोल में छुपाकर रखते हैं। जैसे ही आप कहेंगें। आप बहुत गैरजिम्मेदार हैं। वो अपनी बत्तीसी चमका देंगे। कहेंगें क्या करें सर भूल जाता हूँ। उनके पास एक खोल है। भूलने की आदत वाली। कछुए की तरह जब भी उनको कहीं से खतरा महसूस होता है। वो भूलने की खोल में छुप जाते हैं। और दाँत दिखा देते हैं। ऐसे लोग प्रायः आपको हर जगह मिल जायेंगें। जिम्मेदार लोग तरह - तरह की जिम्मेदारियाँ निभाते -निभाते एक दिन टें बोल जाते हैं। मौज में रहते हैं गैरजिम्मेदार लोग। ऐसे ही एक गैर जिम्मेदार लोग में हैं। छोटे भाई साहब। छोटे भाई साहब गैर जिम्मेदार हैं। इतने गैरजिम्मेदार हैं, कि सब कुछ भूल जाते हैं।

सबकुछ मतलब सबकुछ। जिम्मेदार लोग किशोरावस्था से जिममेदारी उठाने लायक हो जाते हैं। और उठाते भी हैं। इनमें ढाबों पर काम करने वाले छोटी - छोटी उम्र के लड़के आपको दिख जायेंगे। वक्त ने इनको बहुत कम उम्र में ही बड़े - बड़े तेजाबी तजुर्बे दे दिए होते हैं। और गैरजिम्मेदार लोग साठ में भी खाट तोड़ते नजर आ जायेंगे। गुमाने में सचिवालय भी अव्वल आता है। अभी प्रदेश में नियुक्ति से जुड़ी फाईलों में आग लग गई। व्यंग्य की भाषा मे अगर हम गुमाने और आग लगने की घटना को एक ही मान लें। जिसको कम -से -कम मुझे व्यंग्यकार होने के चलते छूट मिलनी चाहिए। क्योंकि दोनों घटनाओं में लापरवाही ही नजर आती है।तो सचिवालय से नियुक्ति की फाइलें गुम गई या जला दी गईं।

दोनों को अपनी सुविधा के अनुसार आप कुछ भी मान सकते हैं। लेकिन मैं गुम होना ही मान लेता हूँ।

बिहार में हजारों कार्टून शराब चूहे पी गये। इसे भी हम चूहों की लापरवाही ही मान लेते हैं। और ये कह सकते हैं , कि चूहों ने शराब की हजारों बोतलें कहीं गुमा दी। इस हिसाब से अगर देखा जाए। तो अब आदमी के साथ - साथ जानवर भी गैर जिम्मेदार हो गये हैं! भूलने के अपने फायदे हैं। आप खुद चीजों को भूलकर दूसरों को टेंशन दे दीजिए। भूलने से आपको एक तरह के नहीं बल्कि अनेकों फायदे हैं। भूलने से आपका दिमाग चुस्त - दुरूस्त रहता है। आप हमेशा टेशन फ्री रहते हैं। भले ही लोग आपको गैर-जिम्मेदार कहें। आपका कौन सा घर से कुछ लगता है। गैर-जिम्मेदार शब्द आपके शरीर से थोड़े ही चिपक जाता है। भूलने से आदमी का ग्लूकोज नियंत्रित रहता है। बी. पी. की समस्या नहीं रहती !

**महेश कुमार केशरी**
**C/O- मेघदूत मार्केट**
**फुसरो**
**बोकारो झारखंड**
**पिन -829144**

## चिराग को सुयश...



इंदौर। सन्मति हा. से. स्कूल के छात्र चिराग खण्डेलवाल ने CBSE कक्षा दसवीं की परीक्षा 93% अंको के साथ उतीर्ण करी। चिराग को अभी विषयो में विशेष योग्यता हासिल हुई। समस्त परिवारजनों, मित्र गणों ने बधाई देते हुये उज्वल भविष्य की कामना करी।

## मदर्स डे सेलिब्रेशन किया गया



इंदौर। ओरा शोरुम में बड़े ही धूमधाम से मदर्स डे सेलिब्रेशन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में जो महिलाएं घर के साथ बाहर भी अपने काम का परचम लहरा रही हैं अपने बच्चों को अच्छे संस्कार उच्च शिक्षा देने के साथ समाज में भी अच्छे कार्य कर रही हैं।

ऐसी माता का सम्मान ओरा शोरुम विजय नगर की तरफ से चेतना परमार, शीतल, दीक्षा, माधुरी पाटिल ने गिफ्ट देकर केक करवाकर स्वल्पाहार कराके किया गया ज्योतिष जी ने भी सभी माताओं आशीर्वाद दिया। अपराध नियंत्रण संगठन की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रितु छाबड़ा ने सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

## न्याय क्षेत्र में आपकी सेवाएं अविस्मरणीय है - सत्यनारायण पटेल



इन्दौर। न्याय क्षेत्र में आपकी सेवाएं अविस्मरणीय है और आप इस क्षेत्र में न्याय से वंचित लोगों को न्याय दिलाने में मददगार है। आपके इन कार्यों की हम सराहना करते हैं कि आप निन्स्वार्थभाव से जरूरतमंदों की मदद कर अपने कर्तव्यों के प्रति खरे उतरेंगे यह मेरी आशा है। उक्त विचार नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों के सम्मान में अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने कहे।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सदस्य जय हार्डिया ने कहा कि अभिभाषकगण मेरे भाई है। हम सब मिलकर जरूरमदो को न्याय दिलाने में सदैव अग्रणी रहेंगे। एड. संतोष यादव ने स्वागत भाषण दिया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने बताया कि श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट द्वारा इन्दौर जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लखनलाल यादव, उपाध्यक्ष जितेन्द्र निम काका, सचिव कपिल बिरथरे, सह सचिव विजय व्यास, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सोमानी, सदस्यगण नेहा रूहेला, जितेन्द्र यादव, महेश सोनगरा, दीपाली बेरी, नेहा रावत (जैन), उमंग मीठा का सम्मान समारोह रीगल तिराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस मे किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से चेतन चौधरी, नरेन्द्र सूर्यवंशी, हेमन्त यादव, कुलदीप पाटीदार, सौरभ हार्डिया, सौरभ वर्मा, मिलिन्द जोशी, विकास यादव, बंटी कुमरावत, संजय जयंत उपस्थित थे।

## प्रज्ञा शर्मा 96 प्रतिशत अंक के साथ बनी टॉपर

### 12वीं के परीक्षा परिणाम में आईपीएस के छात्रों ने मचाई धूम





इंदौर 13 मई। सत्र 2024-25 की कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणामों में इंदौर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है।

मुख्य परिसर, इंदौर की छात्रा प्रज्ञा शर्मा ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 96.2ॿ अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, सांवेर कैंपस की मेघा जाट ने ह्यूमैनिटीज में ही 91.2ॿ अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

पूर्वी परिसर, इंदौर के छात्र तनिष्क अग्रवाल ने विज्ञान संकाय में 91.2ॿ अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, झाबुआ परिसर की छात्रा पूर्वा बंधवार ने कॉमर्स स्ट्रीम में 95.6ॿ अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# निर्धन और उपेक्षितों के लिये भी रंगमंच ज़रूरी-प्रांजल श्रोत्रिय

### शा.बाल विनय मँदिर में हल्ला गुल्ला बाल नाट्य शिविर जारी

इंदौर। 'निर्धन और उपेक्षित बच्चों के लिये रंगमंच बेहद ज़रूरी है। स्व. आशा कोटिया का आजीवन यही उद्धेश्य रहा कि वे ऐसे बच्चों के लिये भी नाटकों के माध्यम से काम कर सकें। ये ऐसे बच्चे रहे, जो बेहद अभाव में जीते हैं, जिन्हें शिक्षा तो दूर की बात, उन्हें जीने के लिये वो सुविधाएं भी नहीं मिलती, जो उनके साथ देश के भविष्य के लिये बेहद ज़रूरी है'।

वरिष्ठ रंगकर्मी और निर्देशक प्रांजल श्रोत्रिय ने यह बात 'हल्ला-गुल्ला' नाट्य शिविर में कही। वे बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी।

शिविर में वरिष्ठ रंगकर्मी तपन मुखर्जी सहित शकील अख़ूतर, श्रीमती सीमा व्यास, राकेश साहू और रवि वर्मा भी मौजूद थे।

श्रोत्रिय ने कहा, मैंने हल्ला गुल्ला के 5 से अधिक नाट्य शिविरों में बच्चों के साथ काम किया। साथ ही अपने रंगमंच को भी उपेक्षितों के लिये जारी रखा। उन्होंने कहा, निर्धन बच्चों के लिये



हमने साक्षरता, स्वास्थ, विज्ञान जैसे विषयों को लेकर अलग-अलग तरह का काम किया।

इसी तरह असंगठित क्षेत्र की कामगार महिलाओं के साथ उनसे जुड़े ज़रूरी विषयों पर काम किया। ताकि उन्हें अपने अधिकारों के बारे में पता चले, वे शोषण का शिकार ना बने।

उन्हें उनके श्रम का सही मान और सम्मान मिल सके। उन्होंने बताया कि अपने कला जीवन में उन्होंने इस तरह के 400 से अधिक नाटकों के माध्यम से काम किया। उल्लेखनीय है कि प्रांजल श्रोत्रिय टेरेस थियेटर के माध्यम से नये रंगकर्मियों के लिये बीते कई वर्षों से काम कर रहे हैं।

प्रांजल श्रोत्रिय ने प्रतिभागी बच्चों को अभिनय की बारीकियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हम अपने शरीर के अंगों और अपने चरित्र को समझकर अगर भावों और रस के लिये समझकर काम करें तो दर्शकों को भी वही अनुभूति होती है, जो आप उन तक पहुँचाना चाहते हैं।

संवाद सत्र से पहले शिविर में उन दो नाटकों की रिहर्सल भी की गई जिन्हें तपन मुखर्जी और शकील अख़ूतर ने विशेष तौर पर लिखा है।

इन नाटकों का निर्देशन तपन दा और युवा रंगकर्मी वरूण जोशी कर रहे हैं। अभ्यास के कामों में वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश साहू और श्रीमती सीमा व्यास ने भी बच्चों के साथ काम किया।

बाल रंगमंच शिविर के समन्वयक रवि वर्मा ने बाल कलाकारों के साथ मिलकर निर्माण को लेकर चर्चा की। बाल विनय स्कूल के सहयोगी शिक्षक समिति के साथ मिलकर ज़रूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये आश्वस्त किया।

## फॉलेन आउट किया तो सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे अतिथि विद्वान

### सालों से प्रोफेसरों की कमी को पूरा करते आए हैं अतिथि विद्वान

इंदौर। 25 सालों से प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में प्रोफेसरों की कमी को पूरा करने का काम अतिथि विद्वानों ने किया है। लेकिन सरकार ने इन्हें नियमितीकरण के नाम पर केवल अधूरा भविष्य और फॉलेन आउट ही दिया है।



अनेकों आवेदन, मेल, धरना प्रदर्शन आदि के बाद 11 सितंबर 2023 को मुख्यमंत्री निवास भोपाल में अतिथि विद्वान पंचायत आयोजित हुई थी। जिसमें इनके भविष्य को उत्कृष्ट बनाने की घोषणाएं हुई थी। जब आदेश निकालें गए तो पहले से चले आ रहे 1500 रूपए प्रति कार्य दिवस में केवल 500 रूपए की वृद्धि कर दी गई।

50 हजार प्रतिमाह और सरकार का अंग बताना खोखला साबित हो गया। रिडिप्लायमेंट से पीएम कॉलेज आफ़ एक्सीलेंस के अतिथि विद्वानों पर विगत 5 माह से तलवार लटकी हुई है।

वहीं नवीन स्थानांतरण पॉलिसी से पीएम कॉलेज सहित नियमित फैकल्टी के ट्रांसफर इसी माह में होंगे। जिससे अतिथि विद्वानों को फॉलेन आउट का पत्र प्राचार्य द्वारा थमाकर बेरोजगार कर दिया जाएगा।

मध्य प्रदेश अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह भदौरिया ने सरकार की अनदेखी पर कहा कि - यदि स्थानांतरण और पीएससी चयनितों की नवीन पोस्टिंग से अतिथि विद्वानों का रोजगार छीना जाता है तो हमें मजबूरीवश सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

मोर्चा के मीडिया प्रभारी शंकरलाल खरवाडिया ने भी बताया है कि - पहले रिक्त पदों पर अतिथि विद्वानों को सेटल करके ही उच्च शिक्षा विभाग को नियमित का स्थानांतरण करना चाहिए। सार्वजनिक मंच और मीडिया जगत के सामने पिछली सरकार में पंचायत में की गई घोषणाओं को वर्तमान मोहन सरकार को अमल में लाना चाहिए। ज्यादातर अतिथि विद्वान ओवर एज हो गए हैं, अब कहां जाएंगे।

## श्री सत्यसांई विहार स्कूल पूरे मध्यप्रदेश में नंबर वन



इंदौर। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में पूरे भारत में श्री सत्यसांई विहार स्कूल का प्रतिशत जहां 33वें स्थान पर रहा, वही पूरे मध्यप्रदेश में यह प्रथम स्थान पर रहा। श्री सत्यसांई विहार स्कूल का शैक्षणिक स्तर जिस उच्च कोटि का है उसमें इनकी श्रेष्ठ टीम काम रही है।

स्कूल प्राचार्य श्रीमती अंजू चौपड़ा जो कि इस स्कूल की प्राचार्या है, स्कूल के बेहतर शिक्षा प्रबंधन को हमेशा अपना लक्ष्य रखा है। स्कूल के माननीय सचिव श्री त्रिभूवन जी सचदेव के नेतृत्व में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा को खास तरजीह दी गई है। यह इसी का परिणाम है।

श्री हकीमुद्दीन जमीनदार ने त्रिभूवन जी सचदेव जी से मुलाकात करते हुए स्कूल के संबंध में वार्ता की थी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं पेशे से इनकम टैक्स सेल टेक्स एडवोकेट हूँ, लेकिन समाज सेवा के नाते मैं अपनी स्कूल के प्रति ये सेवाऐं ऑनेरेरी रूप से दे रहा हूँ, जो भगवान श्री सत्यसांई को समर्पित है।

## मदर्स डे मनाया गया



इंदौर। साड़ी कल्चर इंडिया ग्रुप द्वारा मदर्स डे मनाया गया। साड़ी कल्चर इंडिया ग्रुप की लगभग पचास महिलाएं उपस्थित थी जिन्होंने ब्लैक एंड वाइट साड़ी की थीम पर सेलिब्रेशन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित मध्यप्रदेश की पहली महिला सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव ने सैक्सोफोन पर अपने गीतों की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी उपस्थित महिलाओं ने मां और बच्चों की देखभाल पर अपने अपने विचार साझा किए। अंत में ग्रुप की महिलाओं ने पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं साड़ी भेट कर सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव का सम्मान किया।

## मजदूर कर्मचारी 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे

इंदौर। केंद्रीय श्रम संगठनों और फेडरेशनों के आव्हान पर 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे, श्रम संगठन मांग कर रहे हैं कि श्रमिक विरोधी चार श्रम संहिता वापस ली जाए, मध्य प्रदेश में एक अप्रैल 24 से 2225 प्रति माह श्रमिकों के वेतन में वृद्धि होना थी किंतु नहीं दी जा रही है अत: अप्रैल 24 से एरियर सहित वेतन वृद्धि दी जाए।



हड़ताल की तैयारी के लिए आज एटक कार्यालय शहीद भवन इंदौर में केंद्रीय श्रम संगठनों की बैठक श्री श्याम सुंदर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई, तैयारी के लिए 12 मई को पीथमपुर,13 मई नागदा और 14 मई को देवास में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, मीटिंग में इंटक से खेतिहर मजदूर कांग्रेस की सचिव सुश्री सुशीला यादव, एटक अध्यक्ष कामरेड सोहनलाल शिंदे, सत्यनारायण वर्मा, रमेश झाला, अजय कुमार बागी, भारत सिंह ठाकुर दिलीप कोल सीटू महासचिव कामरेड सी एल सारावत, कैलाश लिंबोदिया भागीरथ कच्छवाह, एच्च एम एस के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम सूर्यवंशी, ए आई यू टी यू सी सचिव प्रमोद नामदेव, किसान संघर्ष समिति, संयोजक राम स्वरूप मंत्री, मध्य प्रदेश आदिवासी एकता महासंघ से काशीराम नायक, मध्य प्रदेश किसान सभा उपाध्यक्ष कामरेड अरूण चौहान, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन उपाध्यक्ष सोनू शर्मा, ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के।

महा सचिव एडवोकेट बाबूलाल नागर ने अपने विचार रखे,संचालन रुद्रपाल यादव ने किया।

## मेनारिया ब्राह्मण समाज की बैठक में सवा लाख सदस्य बनाने का संकल्प


इंदौर। अखिल भारतीय मेनारिया ब्राह्मण समाज की बैठक केंद्रीय कार्यालय आसावरा माता समाज भवन में आयोजित हुई जिसमें समाज के राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवर धीरज पानेरी राष्ट्रीय महामंत्री भरत मेनारिया धीनवा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओंकार लाल मेनारिया की उपस्थिति में प्रारंभ हुई जिसमें समाज के छात्रों के लिए चारो जॉन में छात्रावास बनाने का निर्णय लिया गया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवर धीरज पनीरी द्वारा



समाज के कोषाध्यक्ष को 11-11 लाख रुपए का अनुदान दिया गया वही समाज की सदस्यता अभियान को बढ़ाते हुए सवा लाख सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया समाज द्वारा अलग-अलग प्रकोष्ट की नियुक्ति की जा रही है जिसमें खेल प्रकोष्ठ शिक्षा प्रकोष्ठ विधि प्रकोष्ठ चिकित्सा प्रकोष्ठ जाजम प्रकोष्ठ जैसे अन्य प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज के युवाओं को समाज के प्रति जागृत करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में गिरवा जॉन वल्लभनगर जॉन चित्तौड़ जोन मध्य प्रदेश जोन के पदाधिकारी भी शामिल हुए यह जानकारी समाज के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता गिरीश जोशी ने दी।

## 52 वें CJI के लिए बनाई संयुक्त पीतल प्रति



इंदौर। भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई 14 मई 2025 को शपथ लेंगे,संविधान से देश पुस्तक द्वारा उनके लिए ॾहरु,ॾहरुस्,ॾ की संयुक्त पीतल प्रति बनाई गई हैं। जिसे उन्हें भेंट किया जाएगा।

70 पृष्ठ हैं, जिनका कुल वजन 730 ग्राम हैं। ये भारतीयों द्वारा अपने मुख्य न्यायाधीश के लिए तैयार किया गया जीवंत दस्तावेज हैं। इसे देशभर के 800 वकीलो के धनसंचय से तैयार किया गया हैं।

# न्याय के लिये भटक रही है धानक समाज की बेटी

इन्दौर। भोपाल निवासी सरिता राहुल कैथ्या ने अत्यंत पीड़ा की स्थिति में न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उनका विवाह 1 जनवरी 2012 को राहुल कैथ्या पिता प्यारेलाल कैथ्या, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, मध्यप्रदेश से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार समाज के समक्ष विधिवत संपन्न हुआ था।

विवाह के बाद हमें एक पुत्री प्राप्त हुई, जिसकी आयु वर्तमान में 11 वर्ष है।

शादी के कुछ समय बाद उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके पति पहले से ही शादीशुदा हैं और उनकी दो पुत्रियां पहले से हैं, साथ ही दो बेटे भी बाद में हुए। इस क्रूर सच्चाई को जानने के बाद भी मैंने अपनी बेटी के उज्जवल भविष्य के लिए चुप्पी साध ली, सब कुछ सहती रही।

परंतु उनकी यह चुप्पी एक मजबूरी बन गई और उनका शोषण शुरू हो गया। राहुल कैथ्या, जो वर्तमान में मध्यप्रदेश पुलिस में पदस्थ हैं, मेरे साथ मानसिक और शारीरिक रूप से अत्याचार करने लगे।

मेरे ससुर प्यारेलाल कैथ्या, सास और देवर ने मुझे धमकाया कि तुम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री कहीं भी चली जाओ, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, क्योंकि हम श्री सकल पंच धानक समाज भोपाल के अध्यक्ष हैं।

मैंने देशभर के धानक समाज के राष्ट्रीय और जिला अध्यक्षों तक पत्र भेजकर समाज की एक निष्पक्ष पंचायत की मांग की ताकि मेरी बेटी और मेरा भविष्य सुरक्षित किया जा सके। परंतु मेरे ससुर के दबदबे और सामाजिक डर के कारण कोई भी पंचायत बैठाने को तैयार नहीं हुआ। समाज भी डर के साए में जी रहा है।

इतना सब कुछ सहने के बाद भी उन्होंने अपनी बेटी के हित में, राहुल की दूसरी पत्नी होने के बावजूद उनके साथ रहने का निर्णय लिया, लेकिन उन्होंने हमारी भरण - पोषण राशि देना भी तीन महीनों से बंद कर दी। मुझे खुलेआम धमकी दी जाती है कि पहले कोर्ट से केस वापस लो, नहीं तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो।

उन्हें डर है कि राहुल कैथ्या और उनका परिवार मेरे साथ किसी भी दिन जानलेवा हमला करवा सकते हैं। मेरे माता-पिता वृद्ध हैं, जिनकी आयु 75 और 65 वर्ष है और वे निरंतर बीमार रहते हैं। मेरा एकमात्र सहारा, मेरा भाई भी एक ट्रेन हादसे में दुनिया से चला गया। आज मैं और मेरी मासूम बेटी इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं।

मैंने प्रदेश के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, यहां तक कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक को पत्र भेजे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। यदि मेरे साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए पूरी तरह से राहुल कैथ्या, प्यारेलाल कैथ्या और उनके परिवार को जिम्मेदार ठहराया जाए।

## सत्यनारायण भगवान की कथा



इंदौर (प्रेमनारायण वेद ) वैशाख मास की पूर्णिमा पर राजेन्द्र नगर ( जवाहर नगर) में अशोकजी राधेश्यामपोरवाल के निवास पर पंडित रमेशजी पुरोहित ( डांगडी ) द्वारा भव्य आकर्षक संगीतमय श्रीसत्यनारायण देव की व्रतकथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के रहवासियों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और धर्मालुओं की उपस्थिति रही। कथा समापन के पश्चात महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## बाबूलाल वर्मा भाटी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



इंदौर। मूसाखेड़ी स्थित नर्मदा प्रोजेक्ट में बरसों सेवा देने वाले बाबूलाल वर्मा भाटी का पिछले दिनों निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक लोगों ने दुख व्यक्त किया। वे धर्मेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, लक्की वर्मा के पिताजी थे। स्व.बाबूलाल वर्मा भाटी के निधन पर सर्वश्री पूनमचंद वर्मा, इंदौर प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार ताहिर कमाल सिद्दीकी, मोहनलाल वर्मा, मदनलाल वर्मा, मुकेश वर्मा, राकेश वर्मा, सुनील वर्मा, संजय वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, लक्की वर्मा, साहिल वर्मा, विकास वर्मा, शुभम वर्मा, दिव्यांश वर्मा, चित्रांश वर्मा, निधिश वर्मा सहित समस्त वर्मा, सेन, भाटी परिवार व अनेक प्रबुद्ध लोगों ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## राजेन्द्र परमार का जन्मदिन मनाया



इंदौर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र दिलीप परमार का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला उपाध्यक्ष पवन परमार के नेतृत्व में आयोजित समारोह में देवास से राजेश परमार, लखन वर्मा पुनासा, अंतर वर्मा जिला उपाध्यक्ष, दिलीप परमार गड्डू परमार, मुकेश परमार संमेलन अध्यक्ष प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## ई.एस. इंफ्रासर्व प्राइवेट लिमिटेड सर्वश्रेष्ठ डीलरशिप पुरस्कार से सम्मानित




इंदौर। टाटा हिताची ने हांगकांग में अपने वार्षिक डीलर पुरस्कार 2025 समारोह का आयोजन किया। यह टाटा हिताची के प्रतिष्ठित डीलर नेटवर्क की उल्लेखनीय उपलब्धियों के सम्मान और समारोह का विशेष अवसर था।

यह विशिष्ट कार्यक्रम डीलर पार्टनरों से साझेदारियों को मजबूत करने और उनके सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत करने के प्रति टाटा हिताची की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर था। इस अवसर पर कम्पनी के नवीनतम ब्रांड कम्युनिकेशन का प्रीमियर भी हुआ जिसका थीम - 'चलो देश बनाएं' बहुत उत्साहवर्धक है।

डीलर पार्टनरों को औपचारिक रूप से सम्मानित करने के अलावा टाटा हिताची ने यह सुनिश्चित किया कि यह अवसर सभी के लिए सुखद और यादगार हो। डीलर पार्टनरों को सकल कार्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करने के अलावा सेल्स, अटैचेमेंट, स्पेयर पार्ट्स, मार्केटिंग और व्यवसाय के अन्य विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता के लिए भी उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंदौर के ई.एस. इंफ्रासर्व प्राइवेट लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ डीलरशिप पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक श्री संदीप सिंह ने इस अवसर पर बताया, ''वार्षिक डीलर पुरस्कार 2025 समारोह में डीलर नेटवर्क की असाधारण उपलब्धियों का सम्मान करना हमारे लिए बड़े स्वाभिमान की बात है।

## मदर्स डे पर ऑन लाइन कार्यक्रम आयोजित



इंदौर। नंदिनी कायस्थ महिला क्लब ने मदर्स डे पर ऑन लाइन कार्यक्रम आयोजित किया ।सदस्यों ने अपनी माँ को याद करते हुए अपने विचार वीडीओ या ओडियो के माध्यम से भेजे । रोशनी सक्सेना ने माँ को धरती और नभ ,रब और सब बताते हुए अपने मन की बात कही । ज्योति श्रीवास्तव ने माँ की ममता को अनमोल बताया जिस घर में माँ की दुआए होती हैं वहाँ रब भी रहमते बरसाता है सुषमा श्रीवास्तव ने माँ को प्रथम शिक्षक बताया,माँ की सीख पीढी द र पीढ़ी चलती है वही परम्परा बन जाती है । सुनीता श्रीवास्तव अपनी माँ के बुलावे पर उनसे मिलने नहीं जा पायी इसका उन्हें अभी भी दुख है । तृप्ति सक्सेना का कहना था माँ के बिना मायका अधूरा सा लगता है। कीर्ति सक्सेना ने माँ को प्रेम और दया की मूरत बताया। अर्चना माथुर कहती है माँ एक डाक्टर से कम नहीं होती छोटी बीमारियों का इलाज तो अपनी रसोई से ही करदेती है । ऊषाश्रीवास्तव ने माँ को जाना ही नहीं वे अभी भी माँ के प्यार की आस लगाये है। अनीता श्रीवास्तव का कहना है माँ के समान कोई नहीं। वीना श्रीवास्तव आज भी माँ के आंचल की छाँव और उनकी सीख को याद करती है उससे आज भी उनका मनोबल बड़ता है। मिनाली श्रीवास्तव के अनुसार माँ से उन्हें संस्कार और सासू माँ से लोक व्यवहार सीखा । दीपा श्रीवास्तव ने स्वरचित कविता से माँ को याद किया । इंदु श्रीवास्तव लिखती है जिस माँ ने मुझे लिखा उसे लिखने के लिए शब्द नहीं मेरे पास ।

# डायबिटीज मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है आम

**इंदौर गर्मी के मौसम में शरीर का पाचन कमजोर हो सकता है और ब्लड शुगर लेवल असंतुलित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। कई ऐसे मौसमी फल होते हैं जो स्वाद में भले ही लाजवाब हों, लेकिन इनमें प्राकृतिक शर्करा (फ्रक्टोज) की मात्रा और ग्लाइसेमिक इंडेक्स अधिक होता है।**

ऐसे फल डायबिटीज रोगियों के लिए जोखिम भरे साबित हो सकते हैं क्योंकि ये ब्लड शुगर को अचानक बढ़ा सकते हैं। गर्मियों में सबसे अधिक खाया जाने वाला फल है आम, जो डायबिटीज मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है।

इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स 51-56 के बीच होता है और इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा भी अधिक होती है। यदि आम खाना बहुत जरूरी हो तो इसकी मात्रा सीमित रखें और नट्स या दही के साथ लें ताकि शुगर तेजी से न बढ़े। अंगूर भी इसी श्रेणी में आता है। इसमें प्रति 100 ग्राम में लगभग 16 ग्राम चीनी होती है, जो शरीर में तेजी से अवशोषित होकर ब्लड शुगर को ऊपर ले जा सकती है।



अंजीर, लीची और केला भी गर्मियों के लोकप्रिय फल हैं, लेकिन डायबिटीज मरीजों को इनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए। अंजीर में प्रति मध्यम फल लगभग 8 ग्राम शर्करा होती है जबकि लीची में 15 ग्राम तक। पके केले का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी अधिक होता है और एक मीडियम केले में 20-25 ग्राम कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। इनके विपरीत, डायबिटीज रोगियों को ऐसे फल चुनने चाहिए जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम हो और जो फाइबर से भरपूर हों। जामुन, अमरूद, पपीता और नाशपाती ऐसे ही विकल्प हैं जो शुगर को धीरे-धीरे रिलीज करते हैं और शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। फलों को नट्स, बीज या दही के साथ खाने से उनका असर धीरे होता है और ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ता।

फलों के सेवन के दो घंटे बाद ब्लड शुगर की जांच करना एक अच्छा तरीका है यह जानने के लिए कि कौन सा फल आपके शरीर के लिए सुरक्षित है। गर्मियों का मौसम जहां ठंडे और रसीले फलों की बहार लेकर आता है, वहीं यह समय डायबिटीज मरीजों के लिए अतिरिक्त सतर्कता का होता है।

### बिगड़े वन सुधार नीति पर वनवासी संघ-आदिवासी संगठन पहले से नाराज

# निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणी संरक्षण करेगी सरकार

**इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार अब निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणियों का संरक्षण करेगी। इसके लिए वन विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है, जो अनुमोदन के लिए कैबिनेट को भेजा है।**



कैबिनेट की मंजूरी के बाद वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत अनुदान लेकर काम कराए जा सकेंगे। ऐसा तब किया जा रहा है, जब निजी क्षेत्र के सहयोग से बिगड़े वनों के सुधार की नीति का खुलकर विरोध हो रहा है।

वन विभाग द्वारा प्रदेश के बिगड़े वनों के सुधार के लिए दो माह पहले नीति लाई गई थी। इसके बाद आरएसएस से जुड़े वनवासी विकास संघ और अन्य आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया था। इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके कहा था कि ऐसे में वनों का संरक्षण होने के बजाय नुकसान की स्थिति बनेगी। निजी क्षेत्रों के हस्तक्षेप के चलते वनों का ढांचा और भी गड़बड़ा जाएगा। इसलिए इस नीति पर काम नहीं करने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था और इसके बाद निजी क्षेत्रों के सहयोग से बिगड़े वनों का विकास संबंधी कार्यक्रम रुक गया है।

इन हालातों को देखते हुए वन अफसरों ने अब एक नीति का मसौदा तैयार किया है। इसमें निजी क्षेत्रों के सहयोग से वन्य प्राणियों के संरक्षण का प्रस्ताव है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद सीएसआर और अन्य प्रावधानों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के रहवास और संरक्षण को लेकर वन विभाग अंशदान लेकर काम करा सकेगा। बताया जाता है कि टाइगर फाउंडेशन कमेटी में सीएसआर मद में राशि लिए जाने का प्रावधान है लेकिन इसको लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इसलिए वन अफसरों ने अब नई नीति तैयार की है और शासन की परमिशन मिलने के बाद इस पर काम किया जाएगा।

## सौम्या तिलगोता जैन मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित



इंदौर। एक गरिमामय समारोह में समाज सेविका श्रीमती सौम्या तिलगोता जैन को शाल, मोती की माला और प्रशस्ति पत्र देकर मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। भारतीय जैन संघटन उमंग ने यह आयोजन मातृशक्ति आराधना दिवस पर पलासिया क्षेत्र में स्थित एक निजी हॉस्पिटल में किया था।

इस मौके पर संस्था के आर के जैन भाचावत, श्रीमती हेमलता अजमेरा, डोसी और विजय पारेख विशेष रूप से मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि श्रीमती तिलगोता बच्चों की पढाई और सीनियर सिटीजन्स की सेवा से लेकर उनकी देखभाल तक के कार्य समर्पण भाव से कर रही है। उन्हें पूर्व में भी कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके है।

## पुष्पित तुलिका की पेंटिंग वर्कशॉप और प्रतियोगिता

**इंदौर। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों के ग्रीष्म अवकाश को सार्थक बनाने तथा प्रकृति के प्रति सजग करने के उद्देश्य से पुष्पित तुलिका नोबल सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा पेंटिंग वर्कशॉप और प्रतियोगिता का आनन्द विहार स्कीम नं 103 में स्थानीय रहवासियों एवं बच्चों के लिए आयोजन किया गया।**




संस्था की संस्थापक नमिता दुबे ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता सांय 4 से 6 बजे तक 5 वर्ष से 14 वर्ष तक उम्र के बच्चों के लिये आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियो को प्रमाणपत्र और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को रहवासी संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद हार्डिया जी, सचिव श्री तेजपाल चावला जी और कोषाध्यक्ष श्री उदयन प्रकाश दुबे जी तथा सयोजक श्रीमती ईरा दुबे के कर कमलों द्वारा पुरुस्कृत किया गया । प्रतियोगिता में लगभग 32 बच्चों ने सहभागिता की। आयोजन में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मणिमाला शर्मा जी ने रहवासी संघ के पदाधिकारियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया ।

पिडिलाइट कम्पनी के सौजन्य से प्रशिक्षक कला भूमि की संस्थापक श्रीमती नमिता मालवीय ने बच्चों को बहुत ही रोचक तरीके से प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से वर्कशॉप में केनवास पेंटिंग सीखाई जिसमे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था । बच्चों के साथ साथ उनके पालकों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस अवसर पर संस्था से श्रीमती उषा कोरान्ने, शीला बडोदिया, विचार प्रवाह की वरिष्ठ साहित्यकार डाक्टर दीपा व्यास, तथा पालकों में अलका जोशी, श्रुति हार्डिया, भक्ति दरयानी, सुहानी आहूजा, चेतना बामनिया, ज्योति मेहता, गायत्री शर्मा आदि ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

# मदर्स डे पर मास्टर सईद आलम ने दिया सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण

**इंदौर। मदर्स डे के विशेष अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 30 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**




पिछले 40 वर्षों से बालिकाओं और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देने वाले सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने मदर्स को ट्रेनिंग दी व आधुनिक उपकरणों के साथ प्रायोगिक अभ्यास कराया । प्रशिक्षण में सहायक प्रशिक्षक अब्दुल राशिद और सुमित्रा चंद्रवंशी थे। इन्होंने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुरों के साथ-साथ सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी भी दी।यह कार्यक्रम जूना रिसाला स्थित एसेंट पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना था।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि 87 वर्षीय आदिल जहां ने भाग लेकर सभी के लिए प्रेरणा का कार्य किया। वहीं सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 29 वर्षीय शाजिया रहीं, जिन्होंने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया।

यह शिविर मिशन हिफाजत के अंतर्गत आयोजित किया गया था आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक महिलाएं सुरक्षा और आत्मविश्वास से युक्त हो सकें

### चयन सूची पर संशय, लेकिन 18 से अहम परीक्षाएं शुरू होंगी

# एमपी पीएससी 5 महीने में 15 बड़ी परीक्षाओं का शेड्यूल

**इंदौर एमपी पीएससी की कई अहम परीक्षाओं की चयन सूची भले ही रुकी हुई है, 2025 की राज्य सेवा सहित कई परीक्षाएं कोर्ट में अटकी हैं, लेकिन 18 मई से एक बार फिर महत्वपूर्ण परीक्षाओं का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। शुरुआत 18 मई से सहायक संचालक-पशु चिकित्सा, सहायक शल्यज्ञ-2024 परीक्षा के साथ होने जा रही है। इसके बाद 1 जून को असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2024 होना है।**

16 विषयों के लिए यह परीक्षा होगी। उसके बाद 9 से 14 जून तक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 प्रस्तावित है। हालांकि यह कोर्ट की सहमति के बाद ही हो पाएगी, क्योंकि प्री परीक्षा के रिजल्ट पर रोक लगी हुई है। मामले में परीक्षा को लेकर अलग से सुनवाई चल रही है। 27 जुलाई को 12 अन्य विषयों के लिए सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा होगी। फिर अगस्त में भी कई परीक्षाएं होनी हैं।

सहायक संचालक संस्कृति-2024 व स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस जैसी बड़ी परीक्षा 24 अगस्त को होगी। 21 सितंबर को सहायक संचालक तकनीकी परीक्षा-2024 होगी। अक्टूबर में सबसे ज्यादा परीक्षाएं होंगी। इनमें 12 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी-2024, दंत चिकित्सा परीक्षा-2024 (श्रम विभाग), सहायक अनुसंधान अधिकारी परीक्षा-2024 होगी। वहीं इसके अगले माह 23 नवंबर को सहायक प्रबंधक परीक्षा-2024 होगी।

इसी दिन आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी परीक्षा-2024 होगी। 7 दिसंबर को सहायक पंजीयक परीक्षा 2024 होगी। 14 दिसंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रसायनज्ञ परीक्षा-2024 होगी।



### सीए परीक्षा 16 से 24 तक आयोजित होगी

सीए फाइनल और इंटरमीडिएट की परीक्षा अब 9 से 14 मई की जगह 16 से 24 मई तक होगी। फाइनल की परीक्षा के ग्रुप 2 का पांचवां पेपर अब 10 मई की जगह 16 मई को होगा। ग्रुप 2 का छठा पेपर 13 मई की जगह 18 मई को होगा। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप 2 का चौथा पेपर 9 मई की जगह 20 मई को होगा। पांचवां पेपर 11 की जगह 22 मई को होगा और छठा पेपर 14 की जगह 24 मई को होगा।

परीक्षा पूर्व में तय परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएगी। वहीं मई 2025 में होने वाली सीए की फाउंडेशन परीक्षा 15, 17, 19 और 21 मई को आयोजित की जाएगी।

### स्टेट इंजीनियरिंग में 23 पद ही रहेंगे

इधर, राज्य अभियांत्रिकी सेवा (स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस) परीक्षा-2024 में सिर्फ 23 ही पद रहेंगे। लंबे इंतजार के बाद भी पद नहीं बढ़ाए गए हैं। अब पद बढने की संभावना कम है। हालांकि अभ्यर्थियों की तरफ से दबाव बनाया जा रहा है कि कम से कम 100 पद बढ़ाए जाना चाहिए। परीक्षा 24 अगस्त को इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में ओएमआर शीट पर आधारित होगी। रिजल्ट के बाद चयनित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू होंगे।

सभी स्पेशलाइजेशन में प्रथम परचा सामान्य अध्ययन का 150 अंकों का होगा। इसमें कुल 50 प्रश्न रहेंगे। वहीं दूसरा प्रश्न-पत्र संबंधित विषय (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) का होगा। इसमें 100 प्रश्न होंगे। यह 300 अंकों का होगा। यानी कुल 450 अंकों की लिखित परीक्षा होगी। 50 अंकों का इंटरव्यू होगा। सीयूईटी-यूजी के एडमिट कार्ड जारी हुए, जेईई एडवांस्ड के आज से होंगे डाउनलोड - नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीयूईटी यूजी-2025 की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

13 से 16 मई के बीच होने वाले पेपरों के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा 3 जून तक चलेगी। इधर, जेईई एडवांस्ड के एडमिट कार्ड रविवार को जारी होना थे। इसे भी एक दिन आगे बढ़ाते हुए अब 12 मई को जारी करने की घोषणा की गई। 18 मई को सुबह 9 से 12 बजे तक पहला पेपर और दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक दूसरा पेपर होगा। एडवांस्ड के रिजल्ट 2 जून को घोषित किए जाएंगे।

## काश्यप विद्यापीठ ने एक बार फिर रचा कीर्तिमान, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रतलाम।** शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणामों के लिए विख्यात काश्यप विद्यापीठ ने एक बार फिर सी.बी.एस.ई. बोर्ड कक्षा 12वीं एवं 10वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षकों एवं अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। कुल 42 विद्यार्थियों में से 37 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विशेष उल्लेखनीय है वाणिज्य संकाय की छात्रा कृति कांकरेचा, जिन्होंने 97.2त्न अंक अर्जित कर जिले के श्रेष्ठ परिणामों में स्थान प्राप्त किया। उनके साथ अन्य वाणिज्य संकाय मेधावी विद्यार्थियों में शामिल हैं- मानसी पाटीदार - 94.2त्न, साइना शाह - 93.8त्न, यशवी जैन एवं कनिष्का उपाध्याय - 93.6त्न, अंश कुमार जैन - 91.0त्न, हर्षिता सिर्वी - 90.2त्न, लावण्या पालिवाल - 87.6त्न, दिव्यांशी गुजराती - 86.4त्न, आंचल शर्मा - 86.0त्न, नव्या गामी - 85.8त्न, आदिश जैन - 85.4त्न, भूमि सेठिया - 85.0त्न विज्ञान संकाय में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अभिजीत सीरवी - 81.4त्न, वीतराग जैन - 76.6त्न, विनीता भादविया - 76.4त्न कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट सफलता इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 79 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 59 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि शेष विद्यार्थियों ने भी उच्चतम अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। प्रमुख मेधावी छात्र/छात्राएं हैं- धनिष्का मकवाना - 92.6त्न, यशस्वी सिंह राठौड़ - 91.6त्न, हर्षित उपाध्याय - 90.8त्न, पर्व मोदी - 89.6त्न, सिया मंडलेचा - 89.0त्न, कर्षित पाटीदार - 87.2त्न, सानवी पटवा - 87.2त्न, स्तुति जैन - 86.4त्न, कुणाल पाटीदार - 86.4त्न, अनिहा गादिया - 85.0त्न संस्था की प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि - काश्यप विद्यापीठ ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए एक प्रेरणादायी स्थान बनाया है। बोर्ड परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम, विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा एवं संस्था के अनुशासित वातावरण का प्रतिफल हैं। विद्यालय परिवार ने इस उल्लेखनीय सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार माना है तथा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। काश्यप विद्यापीठ - जहाँ शिक्षा है संस्कारों के साथ, और लक्ष्य है सर्वांगीण विकास।

## राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच की तिरंगा रैली के लिए समाज प्रमुखों, संस्था प्रमुखों को आमंत्रण

**रतलाम।** देश के वीर सैनिकों का आत्मबल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच, जिला रतलाम के तत्वावधान में 15 मई को निकलने वाली तिरंगा रैली की तैयारियां जोरशोर से जारी है। पैदल निकलने वाली इस रैली में शामिल होने के लिए मंच द्वारा सभी समाज, संस्थाओं और प्रमुख लोगों सहित आम जन को आमंत्रण दिया जा रहा है। तिरंगा रैली के संयोजक पूर्व महापौर शेलेन्द्र डागा ने बताया कि देश की सुरक्षा मे दिन-रात एक करने वाले जाबाजों की होसला अफजाई और आत्मबल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच ने 15 मई को शाम 05.30 बजे महलवाडा से तिरंगा रैली आयोजित की हे । इसका समापन भारत माता की भव्य आरती के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में सभी समाजजन अपने इष्ट्व मित्रों तथा सहयोगियो की सहभागिता करेंगे। पदयात्रा के रूप में तिरंगा रैली महलवाडा से आरंभ होकर पैलेस रोड़, डालू मोदी बाजार, गणेश देवरी , बजाज खाना, तोपखाना, चांदनी चौक, चौमुखीपुल होते हुए घास बाजार पर भारत माता की आरती के साथ सम्पन्न होगी। मंच द्वारा विभिन्न समाजों, संस्थाओं और प्रमुख लोगों को रैली का आमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, रैली सहसंयोजक निर्मल कटारिया एवं विप्लव जैन सहित समाज एवं संस्था सदस्य गण मौजूद रहे।

## थाना सैलाना जिला रतलाम पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार(भा.पु.से.) द्वारा अवैध जुआ/ सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान श्रीमान के निर्देशों के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राकेश खाखा एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय (पुलिस) सैलाना नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सैलाना निरी. सुरेन्द्र सिंह गडरिया व थाना सैलाना की विशेष टीम द्वारा दिनांक 13.05.2025 को मुखबीर की सूचना पर ग्राम केसरपुरा में सोनु चौहान के फार्म हाऊस पर दबिश देकर 21 जुआरियों को पकड़ा, फड़ से 1,95,510/- रुपये व आरोपियो के पास से 45,840/- रुपये कुल 2,41,350/- रुपये जप्त किये गये।

**गिरफ्तार आरोपी :** 01. कमलेश पिता संतोष राठौर निवासी सैलाना
02. शरीफ पिता अब्दुल हमीद निवासी हाट की चौकी रतलाम
03. साबिर शाह पिता मम्मु निवासी जवाहर मार्ग नागदा जिला उज्जैन
04. युसुफ खान पिता गफुर खान निवासी चेतनपुरा नागदा जिला उज्जैन
05. सुखराम पिता रामलाल खराडी निवासी शिवराम नगर रतलाम
06. शहजाद खान पिता सुलेमान खान निवासी पिपली चौक दानपुर
07. लुकमान खान पिता युसुफ खान निवासी हाथी पुरा रतलाम
08. गोपाल पिता नन्दु गुर्जर निवासी रतलाम
09. कृष्णा पिता चतरभुज निवासी बाजना बस स्टेण्ड रतलाम कृष्णा के विरुद्ध थाना माणक चौक व दिनदयाल नगर पर 62 अपराध पंजीबद्ध है।
10. सनवर शाह पिता अनवर शाह निवासी हाट की चौक रतलाम
11. असरफ अंसारी पिता इख्तेखार खान निवासी बरगण्डा वास रतलाम
12. वसीम खान पिता मोमिन खान निवासी कुंवारा का वास रतलाम
13. रुस्तम पिता नुर मोहम्मद निवासी खटीक मोहल्ला जावरा
14. सलीम पिता युसुफ लोहार निवासी भारत कालोनी जावरा
15. भुरु खां पिता नियामत खां निवासी मेवाती मोहल्ला जावरा
16. अकमर पिता मो युसुफ निवासी हाट रोड रतलाम
17. जावेद पिता रियाज खान निवासी शेरानी पुरा रतलाम
18. जितेन्दर पिता गिरधारीलाल पंजाबी निवासी प्रतापनगर रतलाम
19. जगदीश पिता ऊंकार कलाल निवासी गांधीनगर रतलाम
20. लालु पिता नाथुसिंह राजपुत निवासी ग्राम दिवेल
21. दिलीप पिता सुरजमल टांक निवासी तोपखाना रतलाम

**जप्त मश्रुका:** 01. 2,41,350/- रुपये नगदी
02. 01 कार किमती 5,00,000/- रुपये
03. 03 स्कुटी किमती 95,000/- रुपये
04. 01 पल्सर मोटरसाईकल किमती 45,000/- रुपये
05. 01 होण्डा साईन मोटरसाईकल किमती 40,000/- रुपये

**सराहनीय भूमिका :** निरी. सुरेन्द्रसिंह गडरिया थाना प्रभारी पुलिस थाना सैलाना, उनि आनन्द बागवान चौकी प्रभारी धामनोद, प्रआर 482 महेन्द्र सिंह, प्रआर 861 अनिरुद्ध सिंह, प्रआर 151 हेमन्त जाट, प्रआर 795 संदीप भदौरिया, प्रआर 538 अनिल मस्कोले, आर 659 अर्जुन मकवाना, आर 752 तुफान भुरिया, आर.627 यशपाल धनगर, आर 938 विजय मोहनिया, आर 668 मुकेश मेघवाल, आर 398 फकीरचन्द, आर 727 दिनेश पाटीदार, आर 1065 राजु निनामा।

# कार से कुचलने के 24 घंटे बाद भी आरोपी फरार

## परिजनों ने नामली थाने का घेराव किया , बोले- पुलिस आरोपी को बचा रही

**रतलाम।**

मरे ऊंट को देखने सड़क पर खड़े दो लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया था। घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस आरोपी कार ड्राइवर को पकड़ नहीं पाई। इससे समाजजनों में आक्रोश है।

मंगलवार सुबह हादसे में जाव गंवाने वाले युवक के परिजनों ने नामली थाने का घेराव कर दिया। कार ड्राइवर को पकड़ने की मांग की। पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया।

बता दें कि रतलाम के नामली फोरलेन पर रविवार रात करीब 10 बजे सड़क पर मरे हुए ऊंट को देखने नामली के पल्दूना गांव निवासी बबलू जायसवाल और घटवास (नामली) निवासी विक्रम जाट पहुंचे थे। इसी दौरान रतलाम की तरफ से आई कार ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर में विक्रम जाट की मौत हो गई। जबकि बबलू जायसवाल घायल हो गया। रतलाम से परिजन वड़ोदरा लेकर गए।



### पुलिस के ढीले रवैये पर नाराजगी जताई

मंगलवार सुबह विक्रम जाट के उठावने के बाद परिजनों व ग्रामीण ने नामली थाने पहुंचकर घेराव कर दिया। नामली पुलिस थाने की ढीले रवैये को लेकर नाराजगी जताई। थाने पर टीआई पातीराम डावरे नहीं थे। बाद में वह पहुंचे।

परिजनों ने उनसे कहा कि जब हमने घटना के बाद सोमवार सुबह 10 बजे कार चलाने वाले जिसके नाम कार रजिस्टर्ड है। उसका नाम बता दिया। इसके बावजूद भी आप पकड़ नहीं पाए। तब टीआई बोले संबंधित का मोबाइल नंबर बंद था। तब ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे तो आप हर किसी को उठा लेते हो, लेकिन इतनी बड़ी घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद आप एक को भी नहीं पकड़ पाए।

कुछ देर बाद ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला पहुंचे। उन्होंने तीन से चार घंटे में आरोपी का पकड़ने की बात कही। तब परिजन व ग्रामीण माने। फिर थाने से चले गए।

### रतलाम निवासी के नाम रजिस्टर्ड है कार

टक्कर के बाद कार पलटकर डिवाइडर पर चढ़ गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में एयरबैग खुलने से कार सवारों की जान बच गई। लेकिन वह मौके से भाग निकले। कार क्रमांक एमपी 43 सीबी 2261 रतलाम के रामगढ़ निवासी जितेंद्र पिता अशोक कुमार राठौर के नाम पर रजिस्टर्ड है।

# एनसीसी शिविर में कैडेटस को सीखाए आपदा प्रबंधन के तरीके

**रतलाम।**

21 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, रतलाम द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 11 मई 25 से 20 मई 25 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सैलाना में आयोजित किया जा रहा है।





शिविर में कमान अधिकारी कर्नल संदीप अहलावत के नेतृत्व में प्रतिदिन सैन्य विषयो के प्रशिक्षण के अतिरिक्त सामाजिक विकास गतिविधीयों एवं नागरिक सुरक्षा हेतु व्याख्यान एवं डेमो का आयोजन किया जा रहा है इसी कढी में डिस्ट्रीक्ट होमगार्ड से प्लाटून कमांडर बद्री मंडलोई एवं उनकी टीम द्वारा आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया । प्लाटून कमांडर श्री मंडलोई ने सर्वप्रथम आपदा के प्रकार बताए और बताया कि आपदा दो प्रकार की होती है मानव निर्मित और प्राकृतिक, उनके द्वारा बताया गया कि किसी भी आपदा में हम किस तरह अपनी सूझ-बूझ से राहत कार्य में मदद कर सकते है उनकी टीम द्वारा घायलों को स्ट्रेचर के माध्यम से दुर्गम स्थानो से राहत शिविर तक लाने की विधि तथा गैस सिलेंडर पर लगी आग को बुझाने के तरीके पर प्रदर्शन भी किया गया। श्री मंडलोई एवं टीम द्वारा घरों में उपलब्ध प्लास्टिक की बोटलों व तेल की केन से विभिन्न राहत संसाधनो के निर्माण के तरीके भी बताए । उनके द्वारा राहत कार्य में उपयोग आने वाले विभिन्न उपकरणों जैसे- स्नेक कैचर, लाईफबाय, लाईफ जैकेट आदि की जानकारी भी प्रदान की गई। उनके द्वारा एनसीसी कैडेटस को बताया गया कि सिविल डिफेन्स वालेन्टीयर किसी भी आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य में प्रशासन की किस तरह से मदद कर सकतें हैं। इस दौरान लेफ्टिनेंट योगेश कुमार पटेल, लेफ्टिनेंट हर्षवर्धन मेहसन, सी/ओ विजय सिंह पुरावत, एफ/ओ माया मेहता, टी/ओ हरीश कुमार परिहार, सोहन सिंह बारिया, मुन्नेश बघेल, सादात खान, परवेश परमार, संदीप राय, सुबेदार मेजर जयपाल सिंह, रमेश खराडी, सहायक ग्रेड-1 सहित समस्त पी.आई. एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

## तीन सूने मकानों के ताले तोड़े, 50 लाख की आभूषण-नकदी चुराई



**रतलाम।** चोरों ने मंगलवार सुबह शांति निकेतन कॉलोनी में दो सूने मकानों को निशाना बनाते हुए 50 लाख रुपए से अधिक के जेवरात चुरा लिए। चोर सीसीटीवी में घर में प्रवेश करते और ताले तोड़ते हुए कैद हुए हैं। डीडी नगर थाना क्षेत्र की शांति निकेतन कॉलोनी में मनीष मूणत और उनके पड़ोसी विकास पितलिया के घरों में चोरी की वारदात हुई। मनीष मूणत परिवार के साथ दो दिन पहले जामली धार्मिक यात्रा पर गए थे, जबकि विकास पितलिया सोमवार को परिवार के साथ गोवा गए थे। सीसीटीवी फुटेज में दो बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर मंगलवार सुबह 5ः51 बजे बाइक से आते दिखे। चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घरों में प्रवेश किया और सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। मनीष मूणत के घर से चोर करीब 500 ग्राम से अधिक सोना, चांदी के आभूषण और नकदी ले गए। इनमें दो जोड़े सोभा सेट (250 ग्राम), मंगलसूत्र (20 ग्राम), हार सेट (40 ग्राम), कान की बालियां, सोने के सिक्के, कंदोरा, चेन, अंगूठियां और मुर्की शामिल हैं। विकास पितलिया के घर से एक सोने की चेन, अंगूठी और करीब सवा लाख रुपए नगद चोरी हुए। वहीं बदमाश बाद में कलीमी कॉलोनी में एक बोहरा समाज के मकान से सुबह 8ः26 बजे निकलते हुए सीसीटीवी में कैद हुए। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम, डॉग स्क्वाड, एफएसएल टीम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने मौका मुआयना किया। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## पशु बाड़े में लगी आग, 9 पशु जिंदा जले, तीन घंटे में पाया काबू



**रतलाम।** जिले की पिपलौदा तहसील के बरखेड़ी गांव में मंगलवार तड़के एक किसान के पशु बाड़े में भीषण आग लग गई। हादसे में 3 भैंस, 5 गाय और 1 बछड़े की जलकर मौत हो गई। आग पर काबू पाने में करीब तीन घंटे का समय लगा। किसान को इस हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। आग किसान दिलीप मालवीय के घर से करीब 50 फीट दूर बने पशु बाड़े में लगी। उस समय बाड़े में पशुओं के साथ-साथ भूसा भी रखा था। घरवालों को घटना का पता करीब डेढ़ घंटे बाद चला, जब उन्होंने लपटें उठती देखीं। परिजन तत्काल बाड़े की ओर दौड़े और गांव के लोगों को जगाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। गांव के लोगों ने स्थानीय टैंकरों से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि रात 3 बजे जावरा से फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा। करीब 8 से 10 टैंकर पानी के बाद सुबह 6 बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। किसान दिलीप मालवीय ने बताया कि बाड़े में बिजली की आपूर्ति निकटवर्ती विद्युत पोल से होती है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। आग की चपेट में आकर पूरा बाड़ा, वहां रखा भूसा और झोपड़ी, सब जलकर खाक हो गया। दिलीप मालवीय के अनुसार, एक भैंस की कीमत करीब 1 लाख रुपए और गाय की कीमत 30 से 35 हजार रुपए थी। इस तरह आगजनी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर किया अंतिम संस्कार : काकानी

**रतलाम।**

गंभीर बीमारी की हालत में छतरीपूल पर पड़े व्यक्ति की जानकारी मोबाइल समाजसेवियों द्वारा गोविंद काकानी को दी गई। उन्हें बताएं अनुसार तत्काल जिला चिकित्सालय के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती करने के लिए भेरू और सोहन लेकर आए।



उक्त जानकारी देते हुए जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य गोविंद काकानी ने बताया कि 6 मई रात्रि 10 बजे लगभग 45-50 वर्षीय युवक को गंभीर बीमारी की हालत में जिला चिकित्सालय के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया। हालत बहुत खराब थी तत्काल डॉक्टर ने आइसोलेशन वार्ड में दवाइयां शुरू कर दी। बहुत कोशिश करी परंतु वह कुछ बता नहीं पाया और दिनांक 8 मई तारीख सुबह लगभग 10 बजे अंतिम सांस ली। विगत तीन-चार दिन दो बत्ती थाने के द्वारा मृतक के परिवारजन के ढूंढने की कोशिश गई परंतु कोई जानकारी नहीं मिलने पर काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के श्रीमती अंजू दीपक लाठी के आर्थिक सहयोग से भक्तन की बावड़ी पर विधि विधान से अंतिम संस्कार हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, राहुल रणदीवे, दीपक गर्ग की उपस्थिति मे समन्वय परिवार, प्रभु प्रेमी संघ ,जिला रोगी कल्याण समिति, अस्पताल व पुलिस प्रशासन की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की पश्चात विधि विधान से मंत्र उपचार के साथ गोविंद काकानी द्वारा किया गया। प्रातः अस्थियों का संचय कर संभाल कर रखा जाएगा। यदि परिजन मिल जाते हैं तो उन्हें अस्थि सौप देंगे, न मिलने पर हरिद्वार में पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद के साथ पवित्र गंगा नदी में विसर्जन किया

## दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर छात्रा सम्मान किया

**रतलाम।** दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर एवं स्कूल की मेरिट लिस्ट में शामिल होने पर श्री गुर्जर समाज की एकमात्र छात्रा पूर्णिमा गुर्जर का श्री गुर्जर समाज महिला इकाई द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। टाटानगर में हुए उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पार्षद एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रभारी राजू मनोहर सोनी द्वारा पूर्णिमा गुर्जर के लिए समस्त वार्ड की ओर से बधाइयां प्रेषित की, महिला इकाई प्रमुख दीपिका गुर्जर द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्णिमा गुर्जर ने उक्त अंक प्राप्त करके समस्त गुर्जर समाज की महिलाओं को अपनी बालिकाओ को पढाने के लिए प्रेरित किया है कार्यक्रम के अंत में आभार मधुबाला गुर्जर द्वारा माना गया।झ श्री गुर्जर समाज महिला इकाई एवं श्री गुर्जर समाज युवा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में हुए उक्त कार्यक्रम में जीआरपी सब इंस्पेक्टर सत्येशकुमार शर्मा, युवा इकाई अध्यक्ष मुरलीधर गुर्जर, भेरू सिंह गुर्जर, माधव गुर्जर, सोनीका गुर्जर के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिला इकाई सदस्य गण मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में आए 83 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**रतलाम।**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 83 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर डा. शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम ठिकरिया निवासी मदनसिंह ने बताया कि प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम ठिकरिया में ही स्थित है। शासन द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रार्थी को भी उक्त योजना का लाभ प्राप्त हुआ परन्तु विगत कुछ समय से उक्त योजना का लाभ प्रार्थी को नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बन्ध में उचित कार्रवाई कर प्रार्थी को योजना का लाभ प्रदान किया जाए। पिपलौदा तहसील के ग्राम सोहनगढ निवासी भरतलाल ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम में ही स्थित है जिस पर आने-जाने का रास्ता



सरकारी भूमि पर बना हुआ है। ग्राम के ही एक निवासी द्वारा मेडबंदी कर उक्त रास्ते को बंद कर दिया गया है जिससे प्रार्थी विगत 6 माह से अपने खेत पर नहीं जा पा रहा है। पटवारी तथा गिरदावर से भी बात की परन्तु कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बारिश का मौसम समीप है तथा प्रार्थी को अपनी कृशि भूमि पर खेत हांकना है। कृपया खेत पर आने-जाने हेतु रास्ते का शीघ्र निराकरण करवाएं। खातीपुरा रतलाम निवासी रेखा पंवार ने अपने आवेदन में बताया कि प्रार्थिया अपनी माता के साथ एक कच्चे मकान में निवासरत है तथा पति का भी देहांत हो चुका है। नगर निगम द्वारा कच्चे मकान का सम्पत्ति कर करीब 18 हजार रुपए बताया है। प्रार्थिया विधवा होकर जैसे-तैसे अपने परिवार का भरण पोषण करती है तथा इतना रुपया भी नहीं है कि मकान का टैक्स भर सके। निगम द्वारा दिए गए टैक्स की राशि कम करने का आदेश प्रदान करें। ग्राम मेवासा निवासी प्रभु बागरी ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि मुझ प्रार्थी के पुत्र की दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो चुकी है। परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी मेरे एक मात्र पुत्र पर ही थी। प्रार्थी की तबियत ठीक नहीं होने से मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। साथ ही पुत्रवधु के साथ परिवार का पालन-पोषण करने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। पुत्र की मृत्यु पश्चात किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिली है। कृपया आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मोतीनगर रतलाम निवासी शारदाबाई मकवाना ने अपने आवेदन में बताया कि प्रार्थिया गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। विद्युत मण्डल द्वारा विद्युत बिल की राशि 2300 का बिल दे दिया है जबकि प्रार्थियां के निवास पर विद्युत बल्ब के अलावा अन्य कोई इलेक्ट्रानिक सामान नहीं है। कृपया विद्युत बिल की राशि कम करवाई जाए।

# बाग संकुल के सिस्टम में खामी अतिथि शिक्षकों का वेरिफिकेशन नहीं

## बीआरसी के प्रयासों से वेरिफिकेशन कार्य शुरू हुआ



**बाग।** नए सत्र में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने नया एजुकेशन पोर्टल 0.3 लॉन्च किया है । पोर्टल पर पंजीयन और केवाईसी के बाद संकुल प्रभारी से वेरिफिकेशन करने के बाद आवेदन की प्रक्रिया होगी। बाग स्कूल के अतिथि शिक्षक संकुल केंद्र पर वेरिफिकेशन के लिए लगातार चक्कर काट रहे हैं लेकिन बाग संकुल पर वेरिफिकेशन कार्य नहीं हो रहा है । अतिथि शिक्षक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई को होने के चलते बाघ संकुल पर वेरिफिकेशन कार्य नहीं होने से अतिथि शिक्षकों पर संकट आन खड़ा हुआ है। बाग संकुल केंद्र पर वेरिफिकेशन कार्य नहीं होने पर बी ई ओ और संकुल प्रभारी बेखबर बने हुए है वहीं अतिथि शिक्षक भीषण गर्मी में चार दिनों से संकुल केंद्र के चक्कर काट रहे है।

आज मंगलवार को संकुल केंद्र बाग पर पहुंचे अतिथि शिक्षकों ने बताया कि अतिथि शिक्षक के आवेदन करने की अंतिम तिथि में मात्र तीन दिन बचे हैं और संकुल केंद्र पर अतिथि शिक्षकों के वेरिफिकेशन का कार्य बंद पड़ा हुआ है यहां कोई भी जिम्मेदार उपलब्ध नहीं है। वेरिफिकेशन नहीं होने की स्थिति में बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षकों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है । विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्रभारी बेखबर है । इस मामले में संकुल प्रभारी मनीष कुमरावत ने फोन पर बताया कि स्कूलों की मैपिंग के दौरान बाग संकुल की शालाएं उत्कृष्ट शाला में एकीकृत हो गई जिसके चलते आई डी, पासवर्ड काम नही कर रहे लॉगिन नहीं हो रही । इस मामले में उच्चाधिकारियों से चर्चा की जा रही है। बाग बीईओ अरविंद नायक ने बताया कि आपके द्वारा ज्ञात हुआ कि बाग संकुल पर अतिथि शिक्षकों का वेरिफिकेशन कार्य बंद पड़ा है । वेरिफिकेशन के लिए जनपद शिक्षा केंद्र पर वैकल्पिक व्यवस्था करवाई जाएगी । बीआरसी के प्रयासों से वेरिफिकेशन कार्य शुरू बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर ने इस मामले में दिलचस्पी लेते हुए जनपद शिक्षा केंद्र बाग में विशेष कैंप लगाया और आगर संकुल के प्राचार्य राजाराम निंगवाल और ऑपरेटर परम सिंह चौहान की आईडी से अतिथि शिक्षकों के वेरिफिकेशन का कार्य प्रारंभ करवाया।

## मनन गोयल ने 10वीं सीबीएसई में 95.4% अंक किए हासिल

**धार।** धार के होनहार छात्र मनन (निमिष-अमिता) गोयल ने 10वीं सीबीएसई परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनन गोयल, विक्रम पुरस्कार विजेता पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी निमिष गोयल के पुत्र और समाजसेवी सुरेशचंद्र गोयल के पौत्र हैं। मनन बचपन से ही सभी क्लास में फर्स्ट आते रहे हैं और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल धार के छात्र हैं।



## नोमान खत्री ने दसवीं बोर्ड प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की

**बाकानेर।** समाज सेवी किराना व्यवसाई जकरिया खत्री बाकानेर के बेटे नोमान खत्री ने लायंस हायर सेकेंडरी स्कूल मनावर से 10 वि बोर्ड परीक्षा 67 परसेंट अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की सभी ने बधाई दी।



## आराम खान 75% अंकों के साथ दसवीं बोर्ड उत्तीर्ण की

**बाकानेर।** अरम खान पापा अनवर खान मम्मी नसरीन खान ने केंद्रीय विद्यालय धार से 10 वि बोर्ड परीक्षा 75 परसेंट अंकों के साथ उत्तीर्ण की है और आगे पढ़ाई कर डाक्टर बन कर समाज सेवा करना है।



# काश्यप विद्यापीठ ने फिर रचा कीर्तिमान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### वाणिज्य संकाय की कृति कांकरेचा 97 .2 प्रतिशत के साथ जिले के श्रेष्ठ परिणामों में स्थान प्राप्त किया।





**बदनावर।** शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणामों के लिए विख्यात काश्यप विद्यापीठ ने एक बार फिर सी.बी.एस.ई. बोर्ड कक्षा 12वीं एवं 10वीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षकों एवं अभिभावकों को गौरवान्वित किया है।

**कक्षा 12वीं का शानदार प्रदर्शन-** कुल 42 विद्यार्थियों में से 37 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विशेष उल्लेखनीय है वाणिज्य संकाय की छात्रा कृति कांकरेचा, जिन्होंने 97.2% अंक अर्जित कर जिले के श्रेष्ठ परिणामों में स्थान प्राप्त किया। उनके साथ अन्य वाणिज्य संकाय मेधावी विद्यार्थियों में शामिल हैं- मानसी पाटीदार - 94.2%, साइना शाह - 93.8%, यशवी जैन एवं कनिष्का उपाध्याय - 93.6%, अंश कुमार जैन - 91.0%, हर्षिता सिर्वी - 90.2% ,लावण्या पालिवाल - 87.6%, दिव्यांशी गुजराती- 86.4%, आंचल शर्मा- 86.0%, नव्या गामी- 85.%,आदिश जैन - 85.4%, भूमि सेठिया- 85.0%, विज्ञान संकाय में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अभिजीत सीरवी- 81.4%, वीतराग जैन- 76.6%, विनीता भादविया- 76.4%। कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट सफलता- इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 79 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 59 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि शेष विद्यार्थियों ने भी उच्चतम अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। प्रमुख मेधावी छात्र/छात्राएं हैं-धनिष्का मकवाना- 92.6%, यशस्वी सिंह राठौड़- 91.6%, हर्षित उपाध्याय- 90.8%, पर्व मोदी- 89.6%, सिया मंडलेचा- 89.0%, कर्षित पाटीदार- 87.2%, सानवी पटवा- 87.2%, स्तुति जैन- 86.4%, कुणाल पाटीदार- 86.4%, अनिहा गादिया - 85.0%। संस्था की प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि - काश्यप विद्यापीठ ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए एक प्रेरणादायी स्थान बनाया है। बोर्ड परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम, विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा एवं संस्था के अनुशासित वातावरण का प्रतिफल हैं। विद्यालय परिवार ने इस उल्लेखनीय सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार माना है तथा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। काश्यप विद्यापीठ - जहाँ शिक्षा है संस्कारों के साथ, और लक्ष्य है सर्वांगीण विकास।

## जनसुनवाई में आए 91 आवेदन निराकरण के दिए निर्देश

**धार।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, एडीएम अश्विनी कुमार रावत, संयुक्त कलेक्टर जगदीश मेहरा, एसडीएम रोशनी पाटीदार ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जा हटवाने, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, भूमि का नामांतरण करने, बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलवाने, रास्ता खुलवाने, मुआवजा राशि दिलाने, बिजली बिल माफ करने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।



# डीएम समाधान ऑनलाइन में कलेक्टर ने सुनी 12 विभागों से संबंधित लंबित शिकायतें, दिए सख्त निर्देश

**धार।** साप्ताहिक समाधान (ष्ठरू समाधान ऑनलाइन) के अंतर्गत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा विभिन्न विभागों के कुल 12 प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं की वर्चुअली सुनवाई की गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के ब्लॉक और जिला अधिकारी भी जनपद मुख्यालय से वीसी में उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन से जुड़े 12 विभागों को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर मौका निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के सख्त निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल समस्या से जुड़े सभी मामलों में एक सप्ताह के भीतर भौतिक रूप से उपस्थित होकर समाधान करने के निर्देश भी दिए गए। जनपद पंचायत सरदारपुर के सीईओ और श्रम पदाधिकारी धार को संबल योजना के लंबित प्रकरणों का जांच प्रतिवेदन दो दिवस में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं अनुकंपा नियुक्तियों के लंबित मामलों में जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त को साम्यवधी में कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को भी लंबित प्रकरणों की लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश मिले। जनपद पंचायत उमरबन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक पेंशन प्रकरण के निराकरण में लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, क्योंकि पोर्टल पर भी निराकरण दर्ज नहीं किया गया था।समीक्षा के उपरांत सभी संबंधित प्रकरणों में भौतिक सत्यापन और मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। आगामी समाधान में यदि संतोषजनक कार्यवाही नहीं पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



# जनसुनवाई में अब्दुल ने मांगी पढ़ाई के लिए मदद, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिलाया भरोसा

**धार।** जनसुनवाई के दौरान एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला जब कक्षा पहली में पढ़ने वाला अब्दुल अपनी मां के साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के समक्ष पहुँचा। आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए अब्दुल ने पढ़ाई जारी रखने के लिए मदद की गुहार लगाई। कलेक्टर ने अब्दुल से पूछा, अगर हम तुम्हारी फीस माफ करवा दें, तो क्या मन लगाकर पढ़ाई करोगे? अब्दुल ने मासूमियत से 'हाँ' में सिर हिलाया। इसके बाद कलेक्टर ने उससे कहा, अगर खुश हो तो 'हैप्पी' लिखकर दिखाओ। अब्दुल ने बिना झिझक अपनी साफ हैंडराइटिंग में 'हैप्पी' लिख दिया। अब्दुल की लगन और मासूम जवाब से प्रभावित होकर कलेक्टर ने तत्काल डीपीसी (जिला परियोजना समन्वयक) को बुलाया और संबंधित शाला से बात कर फीस माफ कराने या किसी दानदाता से फीस स्पॉन्सर करवाने के निर्देश दिए। यह दृश्य न सिर्फ जनसुनवाई में मौजूद लोगों को भावुक कर गया, बल्कि यह भी दिखा गया कि यदि सच्ची लगन हो, तो मदद के हाथ खुद आगे बढ़ जाते हैं।



# राजस्थान में भारत-पाक बॉर्डर के पास मिसाइलनुमा चीज मिली

## कल रात भी ड्रोन दिखे थे, सेना ने मार गिराए; एयरपोर्ट्स पर आज भी सन्नाटा

**श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर (एजेंसी)।** राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास मंगलवार को मिसाइलनुमा चीज मिली है। पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर सेना को खबर दे दी है। उधर, एयरपोर्ट के ऑपरेशनल होने के बाद भी बीकानेर से न ही कोई फ्लाइट गई और न ही आई है।



बीकानेर, किशनगढ़ (अजमेर) और जोधपुर के एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं। एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी करते हुए जोधपुर की फ्लाइट सर्विस को आज (13 मई) के लिए कैंसिल कर दिया था। इंडिगो की सुबह की फ्लाइट्स के कैंसिल होने की सूचना है। जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स आज (मंगलवार) से खुल गए हैं। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जैसलमेर प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों को खोलने का आदेश जारी किया। सुबह से स्कूल-कोचिंग संचालकों में असमंजस की स्थिति थी। सीमावर्ती जिले बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर में अब ब्लैकआउट नहीं होगा। उधर, राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर के एक गांव में कल (सोमवार) रात को ड्रोन दिखाई दिए थे, जिन्हें भारतीय एयर डिफेंस ने मार गिराया था। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा, पिलानी, सिंघाना, बुहाना और आसपास के क्षेत्र में भी आसमान में संदिग्ध वस्तु दिखने की सूचना मिली थी। इसके बाद कलेक्टर के आदेश पर कुछ देर के लिए ब्लैकआउट किया गया था।

### जैसलमेर में स्कूल-कॉलेज खोलने के आदेश जारी

जैसलमेर कलेक्टर प्रताप सिंह ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे शिक्षण संस्थानों को खोलने का आदेश जारी किया है।

8 मई से जिले के स्कूल-कॉलेज, कोचिंग, आंगनबाड़ी बंद थे। सुबह से लोग असमंजस में थे। किसी भी तरह का आदेश जारी नहीं हुआ था।

11 बजे आदेश आने के बाद स्कूल-कॉलेज खोलने को लिए स्थिति स्पष्ट हुई।

### बॉर्डर के अंतिम स्टेशन के लिए बाड़मेर से ट्रेन रवाना

बाड़मेर से मुनाबाव के बीच चलने वाली ट्रेन एक बार फिर से शुरू हो गई। ट्रेन बाड़मेर से अपने निर्धारित समय सुबह 10:15 रवाना हुई है। मुनाबाव बाड़मेर बॉर्डर का आखिरी रेलवे स्टेशन है।

अब धीरे-धीरे हालात सामान्य हो गए हैं।

बंद की गई सभी ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है।

### एयर इंडिया की फ्लाइट कैंसिल, इंडिगो की सेवाएं जारी

जोधपुर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। सुबह सार्वजनिक स्थानों पर अच्छी चहल-पहल है।

आज से स्कूल कॉलेज समेत सभी शैक्षणिक संस्थान खुलने लगे हैं।

विमान कंपनी एयर इंडिया ने आज भी जोधपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट संचालन रद्द रखने का फैसला लिया है।

इंडिगो की दिल्ली, मुंबई, पुणे,अहमदाबाद, इंदौर, और बेंगलुरु जाने वाली सभी फ्लाइट्स तय शेड्यूल से चलेंगी।

# ट्रम्प को गिफ्ट में 3400 करोड़ का प्लेन मिलेगा

## कतर दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट दे रहा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसी हफ्ते 14 मई को कतर दौरे पर पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कतर सरकार उन्हें लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट गिफ्ट कर सकती है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (करीब 3400 करोड़ रुपए) है। ट्रम्प के कतर दौरे पर इसका आधिकारिक ऐलान किया जा सकता है। यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह गिफ्ट अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक सिक्योरिटी क्लियरेंस मिलने तक इसमें समय लग सकता है। ट्रम्प 2029 में राष्ट्रपति कार्यकाल पूरा होने से कुछ वक्त पहले ही इस विमान का इस्तेमाल कर पाएंगे।

# ड्रोन अटैक में महिला की मौतः सरकार 5 लाख देगी

## अमृतसर-चंडीगढ़ की फ्लाइट्स कैंसिल; होशियारपुर-जालंधर में कल रात ड्रोन दिखे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच 9 मई को फिरोजपुर के खाई फेमे गांव में ड्रोन अटैक में घायल हुई महिला सुखविंदर कौर की लुधियाना के DMC अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।



जबकि, इसी हादसे में घायल हुए उनके पति लखविंदर सिंह और बेटे का अभी इलाज चल रहा है। सरकार ने परिवार को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की है। उधर, सीजफायर के ऐलान के बाद भी लगातार सोमवार रात तीसरे दिन पंजाब में ड्रोन दिखे। होशियारपुर में ड्रोन देखे गए। हालांकि, आर्मी की टीम ने इन्हें हवा में ही गिरा दिया। इसके बाद होशियारपुर के दसूहा और मुकेरियां में ब्लैकआउट कर दिया गया। दोनों जगह 5 से 7 धमाके सुने गए। इसके अलावा जालंधर के मंड में एक ड्रोन मार गिराया। प्रशासन ने सुरनुसी में ब्लैकआउट कराया। यहां भी धमाके सुनाई दिए।

अमृतसर में रात को कुछ देर के लिए ब्लैकआउट रहा। साथ ही दिल्ली से आने वाली फ्लाइट को यहां लैंड नहीं होने दिया और मानसा से ही लौटा दिया गया। इंडिगो और एअर इंडिया ने आज चंडीगढ़ और अमृतसर आने-जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। वहीं अमृतसर, तरनतारन और पठानकोट जिला प्रशासन ने मंगलवार 13 मई को भी स्कूल और कॉलेजों को बंद रखने का फैसला लिया। फाजिल्का प्रशासन की ओर से अगले 2 दिन सभी स्कूल और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद खुला श्रीनगर एयरपोर्ट

## दिल्ली से अमृतसर-चंडीगढ़ की कई फ्लाइट्स कैंसिल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद आज मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। दिल्ली से एअर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 12:49 बजे लैंड हुई। भारत-पाक तनाव के चलते एयरपोर्ट 7 मई से बंद था। दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़, अमृतसर और श्रीनगर जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पहले बताया था कि सुरक्षा कारणों की वजह से फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। एयरलाइन कंपनी एअर इंडिया ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 8 शहरों में आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट शामिल है। कल देर रात राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन दिखने के बाद इंडिगो ने भी 6 शहरों में सभी उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं। भारत-पाक सीजफायर के बाद सोमवार को 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए थे। हालांकि, अभी तक सभी एयरपोर्ट्स के फ्लाइट ऑपरेशन पूरी तरह से शुरू नहीं हुए हैं।

## PAK विदेश मंत्री बोले- भारत ने हमारी ताकत को गलत आंका

# भारतीय हमले में 11 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, इनमें 5 एयरफोर्स के

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की ताकत का गलत अंदाजा लगा लिया था। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो न्यूज के मुताबिक उन्होंने कहा कि भारत ने देखा कि उनकी एयर फोर्स को क्या हुआ।



जब हमने 3 दिन बाद ड्रोन और मिसाइलों से जवाब देना शुरू किया तो उन्हें एहसास हुआ कि कितना नुकसान हो गया है। पाकिस्तानी सेना ने माना है कि भारत के हमलों में उनके 11 सैनिकों की मौत हो गई है। मारे गए सैनिकों में 6 सेना और 5 एयरफोर्स के हैं। पाकिस्तानी मीडिया डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक 78 सैनिक भी घायल हुए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के हमले में 40 नागरिकों की भी मौत हुई है और 121 नागरिक घायल हुए हैं। बिलावल भुट्टो की पार्टी की सीनेटर शेरी रहमान ने दावा किया है कि भारत ने पाकिस्तान पर जंग थोपा था जिसे उन्होंने कुछ ही घंटे में जीत लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेरी ने कहा कि इस जंग से पाकिस्तान की विश्वसनीयता बढ़ी है। बॉर्डर पार पाकिस्तान को अब लग रहा है।



महेश कुमार केशरी

C/O -मेघदूत मार्केट फुसरो
बोकारो झारखंड
पिन 829144

राग दरबारी

# मच्छर और रफाल की जरूरत



गौर से हम देखें तो पाकिस्तान और मच्छर एक दूसरे के पर्याय वाची शब्द हैं। दोनों छुपकर खून पीते हैं। आपको विश्वास नहीं हो रहा है। तो आप गर्मी, या बरसात में कहीं भी खुले में बैठकर, सोकर या लेटकर देखिए। मच्छर आपको काट खाएँगें। इसके तरह पाकिस्तान भी मच्छर की तरह ही है। लेकिन वो गर्मी, बरसात या सर्दी का इंतजार नहीं करता। जब मन होता है, पूरी दुनिया में जब जैसे भी मौका मिले वो लोगों को काट लेता है।

मच्छर और पाकिस्तान दोनों काटने के बाद बाथरूम या लैट्रिन में जाकर छुप जाते हैं। गँदे लोगों की गँदी पसँद !

पाकिस्तान भी ऐसा ही करता है। वो देश दुनिया की मासूम जनता को धोखे से मारता है। आमने - सामने कभी वो हमारे देश से नहीं लड़ता। उसको पता है कि सामने पड़ने पर हमारा देश उसको मच्छर की तरह मसल कर रख देगा।

पाकिस्तान को पता है कि हमारे देश के सामने उसकी औकात एक मच्छर से ज्यादा की नहीं है। बावजूद उसके वो छिप -छिपकर हमारे देश के नीरीह जनता और सेना पर पीठ पीछे वार करता है। मच्छर भी छिपकर ही काटता है ! पाकिस्तान भी !

इसी तरह जब हम सोने वाले होते हैं। तो मच्छर लोग

हमारी मच्छरदानी के पास सटकर हमारे कानों में ऊँ - ऊँ की आवाज करते हैं। गलती से आप कहीं खटिया या चौकी या पलँग पर लेट गये हैं। और मच्छरदानी नहीं लगाया है।

तब तो उस दिन मच्छरलोगों की पार्टी हो जाती है।

पाकिस्तान की भी हालत कुछ -कुछ ऐसी ही है। वो चाईना के फुसफुसिया ड्रोन से हमला करता है। वो भी छुपकर। लेकिन हमारे बहादुर जवानों के आगे ससुरे की औकात मच्छर जितनी ही है। फट से काट कर झट से मच्छर की तरह भाग जाता है। मच्छर और पाकिस्तान दोनों बहुत छोटे हैं। बावजूद इसके पूरी दुनिया इनसे परेशान है। दुनिया के बहुत से हिस्सों में जो फिदायीन हमले होते हैं। उनको पालने - पोसने वाला पाकिस्तान ही है।.मच्छर और पाकिस्तान में और भी बहुत सी बातें समान हैं। दोनों का जीवण चक्र गँदगी से शुरू होता है। और गँदगी में खत्म हो जाता है। दोनों संडास या कीचड़ में जमे गँदे पानी में जन्म लेते हैं। दोनों की सोच मे विकृति है। एक डेंगू और मलेरिया फैलाता है। दूसरा आतँकवाद।

वहीं कुछ विकसित देश भी हैं। जिनको अपना हथियार बेचना है। ये हथियार इन मच्छरों के काटने से बचाने वाला है। जिसको कि हम स्वीटड्रीम क्राइल, स्वीट नाइट लिक्विडेटर, एँटी मॉस्कीटो क्रीम मान लेते हैं । जिसको शाँति से जिंदा रहने वाले हर देश को ये चाहिए। लिहाजा मच्छर होने चाहिए।

सारा खेल इस मच्छरों का है।

इन्हीं मच्छरों को अपना हथियार भी बेचना है। हथियारों के खरीददार ये मच्छर ही हैं। दरअसल सही मायनों में आतंकवाद के सरपरस्त यही वो विकसित देश हैं। जिनकी सरपरस्ती में पाकिस्तान जैसे मच्छरनुमा देश उछल - उछल कर पूरी दुनिया के लोगों को काटते हैं। इन विकसित देशों ने ही इस आतंकवाद जैसी समस्या क़ो अस्थायी बनाकर रखा हुआ है। एँटी मॉस्कीटो क्रीम जिसको शरीर पर मलकर हम कुछ समय के लिए इन मच्छरों से बच सकते हैं। चाहे तो ये विकसित देश एक बार में ही ऐसे लिक्विडेटर बना सकते हैं। जिससे पाकिस्तान सरीखे मच्छर पर अगर एक बार छिड़काव कर दिया जाये। तो उनका समूल नाश हो जाए। लेकिन यहाँ बाजारवाद भी एक कारण है। इन विकसित देशों की अपनी महतवकाँक्षाएँ और लालच हैं।

उनको ताकतवर बने रहना है। और हमलोगों के लिए मच्छर जैसी छोटी -छोटी समस्या रख छोड़ना है। जिससे हम दूसरे कामों में ना लग सकें। जो विकसित देश रफाल बना सकता है। उसको भी तो आतंकवाद से खतरा है। चाहे तो पाकिस्तान जैसे मच्छर को तुरंत मसल दें । लेकिन इनकी नियत में खोट है। अगर मच्छर ना रहेगा। तो शाँति या अमन पसँद लोग एँटी मॉस्कीटो क्रॉईल क्योंकर खरीदेंगे ? जब लड़ने वाले देश ही ना रहेंगें। तो इन विकसित देशों के हथियार आखिर कौन खरीदेगा? इनका व्यापार चौपट जो हो जायेगा।

सब लोग डर में हथियार खरीदकर रख रहें हैं। एँटी मॉस्कीटो क्रॉईल। ताकि वो चैन से सो सके। लेकिन लिक्विडेटर का जब तक प्रभाव रहता है। तभी तक मच्छर नहीं लगते। हालत ये है कि जब तक मच्छर रहेंगें।

तब तक इनके हथियार बिकेंगें। इसलिए ये जो अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष है। वो पाकिस्तान जैसे मुल्क को कर्ज देता है। ताकि ये मच्छर जिंदा रहे और लोगों की नींद हराम होती रहे।

# कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में केबिनेट मंत्री विजय शाह के अमर्यादित विवादित बोल, सोशल साइट्स पर मंत्री हो रहे ट्रोल

इन्दौर। महू विधानसभा के मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में जिसमें महू की भाजपा विधायक उषा ठाकुर भी मौजूद थीं में मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा दिया गया बयान विवादित हो उसके शब्दों को अमर्यादित बताते सोशल साइट्स पर वायरल हो गया है। यूजर उन्हें लगातार ट्रोल कर रहे हैं कि मंत्री विजय शाह ने अपने बयान में कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ के साथ अमर्यादित और विवादित शब्दों का उपयोग किया है।

**भाजपा की गंदी सोच मंत्री विजय शाह ने उजागर की**

**कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बेहद आपत्तिजनक बयान.. कांग्रेस**

**कांग्रेस ने पूछा क्या मुख्यमंत्री के इशारे पर दिया है विजय शाह ने यह ब्यान**

अपने भाषणों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहे शाह फिर अशोभनीय शब्दों का उपयोग कर गए इसके पहले शाह मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी को लेकर की गई अपनी टिप्पणी के चलते विवादित हो चुके हैं। अब ये नया बयान।



मंत्री विजय शाह ने सेना की प्रेस कांफ्रेंस में प्रवक्ता के बतौर उपस्थित हुई भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अपने भाषण में कहा,.... जिन कटे- पिटे लोगों ने भारत पर हमला किया है.. और मोदी जी ने हमारी सोफिया कुरैशी यानि उन्हीं की बहन से उन्हीं की ऐसी की तैसी करवा दी।

इंदौर। जिस भाजपा ओर आरएसएस ने 50 वर्षो तक अपने मुख्यालय में तिरंगा नहीं फैहराया उनका भारतीय धव्ज के प्रति कितना सम्मान है यह तो पूरा देश जनता है अब वहीं भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी कर रही है सेना के शौर्य और पराक्रम के गुणगान कर रही है।

वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह महू भाजपा विधायक उषा ठाकुर की उपस्थित मे ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाली और देशभर में प्रशंसा पा रहीं कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान देते है ओर विधायक महोदया उनके भाषण की मंच पर प्रशांसा करती है। भाजपा की यह कैसी घृणित और दूषित मानसिकता है।

कांग्रेस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से पूछा है की मंत्री विजय शाह का यह ब्यान क्या भाजपा सरकार के इशारे पर दिया गया है अगर नहीं तो मंत्री विजय शाह के साथ विधायक उषा ठाकुर पर तुरंत कार्यावही कर बर्खास्त करें। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया एवं देवास जिला एवं शहर अध्यक्ष मनोज राजानी ने मंत्री के ब्यान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा की एक ओर देशभर में कर्नल सोफिया कुरैशी की बहादुरी को सलाम किया जा रहा है, वहीं मंत्री विजय शाह की जुबान से उनके लिए ऐसे शब्द निकल रहे हैं जिसने मर्यादा की रेखा लांघ दी।

इसके पहले भी मंत्री केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं जिस कारण उन्हें अपनी कुर्सी भी गंवानी पड़ी थी। पर मंत्री जी के बिगड़े बोल पर भाजपा कर कोई प्रतिबंध नहीं है। शासकीय मंच से मध्य प्रदेश शासन के मंत्री एवं भाजपा विधायक की उपस्थिति में इस तरह का अशोभनीय ब्यान देना न सिर्फ सेना के पराक्रम, शौर्य ओर बलिदान का अपमान करना है साथ ही करोडो भारतवासियों के मन को आघात पहुंचाना भी है।

मुख्यमंत्री जी अगर आप तुरंत संज्ञान लेकर मंत्री विजय शाह एवं विधायक उषा ठाकुर पर कार्यवाही नहीं करते है तो यह स्पष्ट होगा की उनके यह ब्यान भाजपा सरकार ओर संगठन के इशारे पर दिए गए है।

# मप्र की बिजली गुल करने रोज हो रहे साइबर हमले

इंदौर। मप्र के बिजली कंपनी के मुख्यालय से प्रदेश भर के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के सिस्टम पर अचानक साइबर हमले बढ़ गए हैं। ऐसा भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढने् के बाद हुआ है। हर दिन सौ से डेढ़ सौ बार साइबर हमले का प्रयास हुआ है।

हालांकि सुरक्षा के लिए लगे फायरवाल हर हमले को रोक कर अलर्ट कर रहे हैं। बिजली कंपनी के अधिकारी हर हमले पर नजर रखे हुए हैं और इसकी जानकारी कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम समेत अन्य जांच एजेंसियों को भेज रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में ग्रिड के जरिए वितरण कंपनियों को बिजली आपूर्ति के प्रबंधन का काम स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर करता है।

**हमले से बचने के लिए कर रखे हैं सुरक्षा इंतजाम**-कंपनी ने साइबर हमलों से बचने के लिए सुरक्षा के इंतजाम कर रखे हैं। कई तरह की फायरवाल लगाई गई हैं, ताकि कोई भी अवांछित बग सर्वर में प्रवेश न कर सके। यह ऑटोमैटिक संचालित किया जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद अचानक हमले बढ़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि पहले जहां दो-चार साइबर हमले होते थे, पिछ्ले तीन-चार दिनों से इनकी संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के सिस्टम में यदि साइबर अटैक कामयाब हुआ तो ग्रिड के जरिए वितरण कंपनियों तक बिजली आपूर्ति करना मुश्किल हो जाएगा। इस संबंध में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के अधीक्षण यंत्री राजेश गुप्ता ने बताया कि कंपनी ने सारे सुरक्षा प्रबंध किए हुए हैं। फिलहाल हम सभी तरह के साइबर अटैक से सुरक्षित हैं। इसके पूर्व में भी स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में साइबर हमले के प्रयास हुए हैं, जिन्हें कंपनी के विशेषज्ञ नाकाम कर चुके हैं।

**विदेशी आईपी एड्रेस से हुए थे हमले**-मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में लगातार साइबर हमले होते रहते हैं जिसको लेकर कंपनी प्रबंधन अत्यधिक फायरवाल का इस्तेमाल करती है। पिछ्ले दिनों जो साइबर हमले हुए थे वे चाइना और अन्य विदेशी आईपी एड्रेस से हुए थे।

वर्तमान में जो साइबर हमले हो रहे हैं उनके आइपी एड्रेस जांच एजेंसी को दिए गए हैं। बिजली कंपनी केंद्रीय एजेंसी के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं और उनके साथ हर जानकारी को साझा कर रही है।

**ऊर्जा मंत्री ने दिए थे सतर्कता के निर्देश**-मध्य प्रदेश की ऊर्जा मंत्री प्रदुम सिंह तोमर ने भी दो दिन पहले भोपाल में बिजली कंपनी के अधिकारियों को साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। केंद्रीय एजेंसी की तरफ से भी इस संबंध में दिशा निर्देश मिले हुए थे। उन्होंने अधिकारियों को साफ कहा है कि अपरिचित और अनजान बग पर प्रतिक्रिया न दें।

# जीतू के जाल में नहीं फंसे चिंटू...!

## शहर अध्यक्ष के लिए नए नाम पर विचार

इंदौर (नगर संवाददाता)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर चल रही उठा-पटक में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि अब नए को मौका मिल सकता है। पूर्व विधायक विपिन वानखेड़ी भी इस दौर से बाहर होते दिख रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जो जाल बिछाया था, उसमें नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को अध्यक्ष बनाने के लिए कहा गया था, लेकिन वो माने नहीं।







कुछ दिन पहले पटवारी ने चुनिंदा लोगों की मीटिंग ली थी और कहा था कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चिंटू चौकसे की नियुक्ति कर देते हैं। चौकसे की जगह पर दीपू यादव की पत्नी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया जाए, लेकिन ये बात हजम नहीं हो पाई और चिंटू चौकसे ने इस मुद्दे को नकार दिया। उनका कहना था कि मैं नेता प्रतिपक्ष ही रहूंगा। शहर अध्यक्ष के लिए वो तैयार नहीं हैं। चिंटू ने ये बात सामने रखी कि दीपू यादव को नगर अध्यक्ष बना दिया जाए, लेकिन इस बात पर दूसरे नेता सहमत नजर नहीं आए। असल में चिंटू चौकसे पर जानलेवा हमले की धारा लगने के बाद उन्हें जल्दी जमानत मिल गई थी और लोगों की सहानुभूति भी उनके साथ जुड़ गई थी। इसी वजह से जीतू पटवारी चाह रहे थे कि नगर अध्यक्ष की कमान उन्हें सौंप दी जाए। चिंटू के पास भीड़ भाड़ भी है और सियासी लोग भी। दो नंबर में जिस तरीके से उनका मुकाबला चल रहा है, उससे तो ऐसा लग रहा है कि वो अध्यक्ष के काबिल रहते, लेकिन कुछ कहानी पलट जाने से मामला बदल गया और चौकसे के पीछे हटने से नए नामों पर विचार होने लगा है। दीपू यादव के नाम पर कई नेताओं का विरोध भी सामने आने लगा है। जिस तरीके से विपिन वानखेड़े और अरविंद बागड़ी मैदान में डटे हुए थे, अब उनकी लाटरी लगने की संभावनाएं कम हो गई है। माना जा रहा है कि एक सप्ताह में शहर कांग्रेस अध्यभ का फैसला हो जाएगा। अमन बजाज भी ताकत लगा रहे हैं। उन्हें भी उम्मीद है कि कुछ अच्छा हो सकता है। इसी वजह से दिल्ली-भोपाल तक अजमाइश में हैं। माना जा रहा है कि नए चेहरे पर दांव खेला जा सकता है।

# निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणी संरक्षण करेगी सरकार

## बिगड़े वन सुधार नीति पर वनवासी संघ-आदिवासी संगठन पहले से नाराज

इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार अब निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणियों का संरक्षण करेगी। इसके लिए वन विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है, जो अनुमोदन के लिए कैबिनेट को भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत अनुदान लेकर काम कराए जा सकेंगे। ऐसा तब किया जा रहा है, जब निजी क्षेत्र के सहयोग से बिगड़े वनों के सुधार की नीति का खुलकर विरोध हो रहा है। वन विभाग द्वारा प्रदेश के बिगड़े वनों के सुधार के लिए दो माह पहले नीति लाई गई थी। इसके बाद आरएसएस से जुड़े वनवासी विकास संघ और अन्य आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया था। इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके कहा था कि ऐसे में वनों का संरक्षण होने के बजाय नुकसान की स्थिति बनेगी। निजी क्षेत्रों के हस्तक्षेप के चलते वनों का ढांचा और भी गड़बड़ा जाएगा। इसलिए इस नीति पर काम नहीं करने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था और इसके बाद निजी क्षेत्रों के सहयोग से बिगड़े वनों का विकास संबंधी कार्यक्रम रुक गया है। इन हालातों को देखते हुए वन अफसरों ने अब एक नीति का मसौदा तैयार किया है। इसमें निजी क्षेत्रों के सहयोग से वन्य प्राणियों के संरक्षण का प्रस्ताव है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद सीएसआर और अन्य प्रावधानों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के रहवास और संरक्षण को लेकर वन विभाग अंशदान लेकर काम करा सकेगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com